हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार, 9 फरवरी 2025



## आज रात थम जाएगा शहरी चुनाव का शोरगुल




**राजनांदगांव।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर 9 फरवरी की रात प्रचार-प्रसार का शोर थम जाएगा। इससे पहले वार्डों में चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए पार्षद प्रत्याशियों ने अपनी ताकत झोंक दी है। राजनीतिक दलों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने-अपने वार्डों में रैलियों का आयोजन कर रहे हैं। वहीं वार्ड में महिला समूहों, वार्ड विकास समितियों और युवाओं की टीम के साथ बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन से पहले पार्षद प्रत्याशियों ने अपनी ताकत झोंक दी है। वार्ड के चुनाव को जीतने के लिए वार्ड स्तर पर ही भीड़ एकत्रित कर बड़ी रैली का आयोजन किया जा रहा है।

### बाजे-गाजे के साथ रैली

वार्ड में धुमाल बाजे के साथ चुनावी रैलियां निकाली जा रही है। इस दौरान प्रत्याशी अपने पक्ष में प्रचार-प्रसार करते मतदाताओं का आशीर्वाद मांग रहे हैं। वार्डों में सभी तरफ भाजपा, कांग्रेस और निर्दलियों के प्रचार का शोर सुनाई दे रहा है

### छत्तीसगढ़ी गानों पर फोकस

वार्डों में चुनावी प्रचार के दौरान पार्षद प्रत्याशियों द्वारा छत्तीसगढ़ी गानों पर विशेष ध्यान दिया गया है। कई वार्ड में प्रत्याशी अपने पक्ष में गाने तैयार कराए हैं। वहीं पाम्प्लेट के जरिये डोर-टू-डोर प्रचार किया जा रहा है। चुनावी शोर थमने से पहले पार्षद पद के प्रत्याशी अपने वार्ड में शक्ति प्रदर्शन के लिए जुटे हुए हैं। रैलियों में अधिक भीड़ लाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने प्रभावित किया जा रहा है।

# प्रचार के अंतिम दौर में भाजपा-कांग्रेस शक्ति प्रदर्शन में जुटी

## जनसंपर्क संकल्प रैली में दिखा उत्साह, मेयर और पार्षद प्रत्याशियों के लिए वरिष्ठ नेताओं ने मांगा जनता से समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भारतीय जनता पार्टी ने शहर में जनसंपर्क रैली के जरिये अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाया। जनसंपर्क रैली के माध्यम से महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव और भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों के लिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जनता से आशीर्वाद मांगा।

नगरीय निकाय चुनाव के तहत भारतीय जनता पार्टी ने प्रचार-प्रसार थमने से एक दिन पूर्व ही भव्य जनसंपर्क रैली का आयोजन किया। यह रैली शहर के महाजनवाड़ी स्थित भारतीय जनता पार्टी चुनाव कार्यालय से निकालकर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते मानव मंदिर चौक में संपन्न हुई। जनसंपर्क रैली में कार्यकर्ताओं का उत्साह नजर आया। इस रैली की अगवानी सांसद संतोष पांडे, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा, युवा मोर्चा के अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह सहित अन्य नेता जनसंपर्क रैली में शामिल हुए।

### दिल्ली जीते, नांदगांव भी जीतेंगे

जनसंपर्क रैली की अगवानी कर रहे सांसद संतोष पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी रणनीति, घोषणा पत्र, प्रचार में आगे रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव हम भारी मतों से जीतेंगे। उन्होंने कहा कि मधुसूदन यादव काफी अनुभवी है, उनका सफल नेतृत्व मिलेगा। उन्होंने दिल्ली चुनाव को लेकर कहा कि हमने दिल्ली जीती है और संस्कारधानी भी जीतेंगे। महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने कहा कि हमने पूरे 51 वार्डों का दौरा किया है और जनसंपर्क में अपनी बातें रखी है। जनता का प्रतिसाद भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों और उनके पक्ष में दिख रहा है।

## कांग्रेस आज निकालेगी शहर में रैली, मांगेगी जनसमर्थन



**राजनांदगांव।** प्रचार के अंतिम दिन आज कांग्रेस भी जनसमर्थन हासिल करने के लिए शहर में एक रैली निकालने वाली है। रैली सुबह 10 बजे से जयस्तंभ चौक से निकलेगी जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। जिसमें सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को जुटाने की कवायद है। ज्ञात हो कि आज रात दस बजे प्रचार का शोरगुल थम जाएगा। ऐसे में इस अवसर को भुनाने के लिए कांग्रेसी पूरी कवायद लगा रहे हैं।

---

### पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने पर एक्शन में राजनीतिक दल

# भाजपा ने 30 बागियों को 6 साल के लिए किया निलंबित, कांग्रेस में कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले पार्टी के बागी कार्यकर्ताओं पर एक्शन लिया गया है। भाजपा ने ऐसे कुल 30 कार्यकर्ताओं को पार्टी से अगले छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इनमें डोंगरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वाली सरिता ढीमर का नाम भी शामिल है। इधर कांग्रेस में भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन अब तक पार्टी उनके खिलाफ कोई सख्त एक्शन नहीं ले पाई है।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आगामी 11 फरवरी को मतदान होना है। जिले के पांच निकायों के कुल 120 वार्ड और अध्यक्ष-महापौर पद के लिए चुनाव कराए जा रहे हैं। सभी सीटों पर भाजपा और कांग्रेस ने अपने अधिकृत प्रत्याशी उतारे हैं, लेकिन इनमें अधिकांश वार्ड में टिकट नहीं मिलने पर नाराज कार्यकर्ता भी चुनावी मैदान में उतर आए हैं। राजनांदगांव नगर निगम में ही करीबन 26 वार्ड में भाजपा और कांग्रेस के बागी अपनी ही पार्टियों का समीकरण बिगाड़ते नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि भाजपा ने ऐसे बागियों के खिलाफ अब निलंबन की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- वरिष्ठ भाजपा नेता बालू भंसाली भी किए गए निलंबित
- कांग्रेस में सूची तैयार होने की चर्चा




### डोंगरगढ़-डोंगरगांव में 5-5 निलंबित

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ और डोंगरगांव निकाय से भी 5-5 कार्यकर्ताओं को निलंबित किया गया है। इनमें डोंगरगढ़ से वार्ड क्रमांक 3 से राकेश वैष्णव, 5 से श्रीमती प्रीति चमन समुन्दे, 13 से अमित छाबड़ा एवं गगर लारोकर और 14 से मुकेश रामटेके शामिल हैं। ऐसे ही डोंगरगांव में वार्ड क्रमांक 4 से अक्षय जैन एवं विकास गुप्ता, 7 से सिद्दीक बड़गुजर और 10 से जितेन्द्र सोनकर एवं राकेश देवांगन शामिल हैं।

### कांग्रेस संगठन मौन, कोई कार्रवाई नहीं

भाजपा की तरह ही कांग्रेस से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बागी होकर चुनावी मैदान में हैं, बल्कि यह कहा जा सकता है कि कांग्रेस में भाजपा के मुकाबले अधिक कार्यकर्ता निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन अब तक पार्टी ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई इन बागियों पर नहीं की है। ज्ञात हो कि पिछले निकाय चुनाव में भी बड़ी संख्या में निर्दलीय चुनाव जीतने वाले पार्षदों को कांग्रेस ने अपनी पार्टी में शामिल कर लिया था।

### इनके खिलाफ हुआ एक्शन, छह साल रहेंगे पार्टी से बाहर

भाजपा ने नगर निगम क्षेत्र में कुल 19 को छह साल के लिए निलंबित किया है। इनमें बागी होकर चुनाव लड़ रहे 14 और पार्टी के खिलाफ प्रचार करने वाले पांच शामिल हैं। चुनाव लड़ने वालों में वार्ड 04 के राजू टंडन, 7 से श्रीमती सरला मेश्राम, 15 से विनोद रजक एवं श्रीमती मोनिका रजक, 16 से प्रकाश साहू, 18 से श्रीमती जमुना साहू, 19 से श्रीमती डोमेश्वरी यादव एवं श्रीमती उषा द्विवेदी, 22 से श्रीमती विद्या उपाध्याय, 26 से श्रीमती अंजनी सिन्हा, 27 से श्रीमती चित्रा महिलांगे, 28 से रामूलाल सोनकर, 37 से लक्ष्मीनाथ सोनकर और 51 से पेसरुराम निषाद शामिल हैं। ऐसे ही पार्टी के खिलाफ प्रचार करने पर वार्ड क्रमांक 7 से संतोष मेश्राम, 15 से सुंदर रजक, 19 से शैलेंद्र यादव, 19 से धीरज द्विवेदी और 26 से दीपक सिन्हा शामिल हैं। बालचंद भंसाली को भी निष्कासित कर दिया गया है।

---

# निकाय चुनाव में खपाने एमपी से आ रही 3 लाख की शराब पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिकअप वाहन में पैरा ले जाने की आड़ में लगभग तीन लाख रुपए की शराब को अवैध रूप से ले जाया जा रहा था, जिसे घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा। इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शराब तस्करी रोकने स्थानीय चुनाव में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने तथा क्षेत्र में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने कोठीटोल आईटीबीपी कैम्प के सामने आईटीबीपी व पुलिस बल द्वारा लगातार एमसीपी कार्रवाई लगाया जा रहा है। जिसके तहत 7 फरवरी की रात्रि अति संवेदनशील क्षेत्र कैंप कोठीटोला में एमसीपी कार्रवाई की जा रही थी, तभी छोटा हाथी पिकअप सीतागोटा से आते दिखाई दिया, जो आईटीबीपी व पुलिस बल को देखकर भागने के लिए गाड़ी मोड़ने लगा, जिसे घेराबंदी कर वाहन को पकड़ा गया। पुलिस ने जब चालक एवं उसमें बैठे लोगों से नाम-पता पूछा, तब उन्होंने अपना नाम चालक दीपांकर सहारे 21 साल एवं संदीप वाल्दे 35 साल, समीर सहारे 21 वर्ष एवं भूषण उर्फ राम उर्फ कालू 18 वर्ष वार्ड नंबर 2 दंतेश्वरीपारा साईं मंदिर के पास डोंगरगढ़ मिले।



### मप्र निर्मित शराब बरामद

पुलिस के अनुसार बागनदी पुलिस द्वारा पिकअप वाहन को चेक करने पर वाहन में खाकी पेटियों में कुल 357 लीटर 840 एमएल कुल जुमला शराब कीमती 281,080 रुपए मप्र निर्मित शराब मिला, जिसे मौके पर शराब एवं पिकअप वाहन कीमती 500000 कुल कीमती 7,81,080 को जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट कायम कर कार्रवाई गया है।

## महाराष्ट्र निर्मित शराब पकड़ायी

**राजनांदगांव।** बाइक में अवैध रूप से महाराष्ट्र निर्मित शराब को परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण कराने एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री करने वालों पर पुलिस थाना गैंदाटोला द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत 7-8 फरवरी की दरमियानी रात पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि दो व्यक्ति स्पोर्ट टीवीएस मोटर साइकिल में सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में महाराष्ट्र निर्मित देशी संत्रा शराब अवैध रूप से ग्राम कोलियारी की ओर ले जा रहे हैं।

### बाइक में ले जा रहे थे

सूचना पर पुलिस ग्राम फगरूटोला तालाब के पास पहुंचकर घेराबंदी कर अवैध शराब परिवहन कर रहे दो आरोपी राजेश कुमार मंडावी 28 वर्ष व भुवनेश्वर उइके 32 वर्ष दोनों निवासी ग्राम कोलियारी को अभिरक्षा में लेकर आरोपियों के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में भरा हुआ 200 नग अवैध महाराष्ट्र निर्मित देशी संत्रा शराब कुल मात्रा 18 लीटर कीमती 7000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल वाहन को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया।

---

# पुलिस जवान व मतदान दलों के कर्मियों ने किया मतदान

- छूटे हुए कर्मी आज भी कर सकते हैं मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान केन्द्रों में निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने सुरक्षा में लगे पुलिस जवानों एवं मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों ने शनिवार को पटवारी ट्रेनिंग स्कूल तहसील कार्यालय राजनांदगांव में उपस्थित होकर निर्वाचन कर्तव्य के माध्यम से मतदान किया।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम राजनांदगांव के महापौर एवं पार्षद तथा नगर पालिक परिषद् डोंगरगढ़ व नगर पंचायत डोंगरगांव, लालबहादुर नगर, छुरिया के अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए निर्वाचन के लिए 11 फरवरी 2025 को मतदान किया जाएगा। सुरक्षा तथा मतदान दलों में लगे अधिकारी-कर्मचारियों ने निर्वाचन कर्तव्य के माध्यम से मतदान करने हेतु प्रारूप-19 में आवेदन के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान हेतु सुरक्षा में लगे पुलिस जवान एवं मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारी, जिन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया हैं, वह कल 9 फरवरी को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक पटवारी ट्रेनिंग स्कूल तहसील कार्यालय राजनांदगांव में उपस्थित होकर निर्वाचन कर्तव्य के माध्यम से मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

# सेंधमारी के आरोपी से नगदी जब्त

- डोंगरगढ़ पुलिस की कार्रवाई
- सात लाख रुपए में से 6 लाख 38 हजार रुपए किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के गगन मोटर्स शो-रूम में सेंधमारी कर 7 लाख रुपए चोरी कर लिए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई कर कुल 6 लाख 38 हजार रुपए बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 जनवरी की रात्रि प्रार्थी गुलजीत सिंह छाबड़ा 50 साल निवासी खंडुपारा गगन मोटर्स शो-रूम के पीछे दरवाजा के पास दीवार को फोड़कर दरवाजे की सिटकनी खोलकर कोई अज्ञात चोर शो-रूम में रखे नगदी रकम लगभग 700000 रुपए को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 331(4), 305(ए) बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया।

पुलिस ने इस मामले में 6 फरवरी को आरोपी आकाश लाउत्रे 24 साल, शाहिद खान 27 साल, रितेश उके 36 साल सभी निवासी इंदिरा नगर डोंगरगढ़ एवं दो विधि से संघर्षरत बालक को पकड़कर कुल 473000 रुपए को बरामद कर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त स्कूटी वाहन, एक नग लोहे का रॉड व 5 नग मोबाइल को जब्त कर कार्रवाई की थी।


पुलिस के अनुसार प्रकरण में आरोपी शाहिद खान 27 साल से पूछताछ के दौरान और चोरी के रकम बरामद होने की संभावना होने पर आरोपी को माननीय न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त कर आरोपी से पुनः पूछताछ किया गया। आरोपी शाहिद खान द्वारा पूर्व में बरामद किए गए रकम के अलावा और 1 लाख 65 हजार रुपए को अपने घर के पास गोदाम में छुपाकर रखना बताने से उक्त रकम को बरामद कर जब्त किया गया है। पुलिस ने गगन मोटर्स शो-रूम डोंगरगढ़ में चोरी के 7 लाख रुपए में से आरोपियों के कब्जे से कुल 6 लाख 38 हजार रुपए को बरामद किया गया है।




### दो पालियों में परीक्षा, परीक्षार्थियों को पंद्रह मिनट पहले पहुंचना होगा

# पीएससी की परीक्षा आज, जिले के 16 सेंटरों में अफसर बनने परीक्षा देंगे 6346 परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली पीएससी की लिखित परीक्षा आज आयोजित की गई है। जिले में इस परीक्षा को लेकर कुल 16 सेंटर बनाए गए हैं। जिनमें दो पालियों में कुल 6346 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के दौरान मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक वॉच जैसे डिवाईस प्रतिबंधित रखे गए हैं। वहीं सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा समय से पंद्रह मिनट पहले आना अनिवार्य रखा गया है।

परीक्षार्थियों के लिए छग लोक सेवा आयोग की ओर निर्देश जारी किया गया है। जिसके अनुसार परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र ऑनलाइन प्राप्त करेंगे। परीक्षा केंद्र में प्रवेश पत्र के सत्यापन के लिए मूल आईडी पहचान पत्र मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, 10वीं या 12वीं की अंकसूची, कॉलेज या स्कूल से जारी सत्र 2024-25 का परिचय पत्र में से कोई भी एक की मूल प्रति लाना अनिवार्य है, फोटोकॉपी मान्य नहीं होगी। जिन परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र में फोटो नहीं है, उन्हें दो पासपोर्ट साईज फोटो लाना अनिवार्य है। प्रवेश पत्र सत्यापन के लिए केंद्र में एक घंटा पहले से उपस्थित होना होगा, जिन परीक्षार्थियों को यात्रा व्यय की पात्रता है, उन्हें स्थायी जाति प्रमाण, निवास प्रमाण पत्र लेकर आना अनिवार्य है। ऑनलाइन यात्रा देयक प्रपत्र भरकर टिकट सहित जमा करना होगा।

इधर परीक्षा के सफल संचालन को लेकर जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी अफसरो की बैठक ली थी, जिसमें प्रत्येक सेंटर में जिम्मेदार अफसरो की तैनाती के साथ ही नियम अनुसार परीक्षा कराने के निर्देश दिए गए है।

### इलेक्ट्रॉनिक वॉच-पर्स रहेगा प्रतिबंधित

परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कई सामग्रियों को लाने से प्रतिबंधित रखा गया है। जिनमें मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक वॉच, पर्स, पाऊच या कम्पास बाक्स भीतर ले जाना प्रतिबंधित है। सभी परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिका यानी ओएमआर शीट में सही विकल्प भरना होगा। केंद्र में परीक्षा से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अतिरिक्त किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### शाह ने किया देवी दर्शन

**डोंगरगढ़।** नगर प्रवास के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर देवी दर्शन कियाश्री शाह का ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने अगवानी करते हुए स्वागत किया। उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से चल रहे विकास कार्य सहित बम्लेश्वरी ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे अस्पताल आदि पर चर्चा किया।

### ओलम्पियाड में बेहतर प्रदर्शन



**सड़क चिरचारी।** पूर्व माध्यमिक शाला मोहनपुर में 5 फरवरी को पाठ्यक्रम आधारित ओलम्पियाड का आयोजन किया गया। चार चरण की परीक्षा उपरांत प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा छठवीं में घनश्याम साहू, प्रियंका साखरे, निखिल साहु, सातवी में हंसिका साहू, श्रेया बोरकर, प्रतिमा चन्द्रवंशी तथा आठवी में रविकुमार सलामे, रूद्रप्रकाश साहू, छत्रपाल साहू क्रमशः प्रथम तीन स्थान पर रहे। इस मौके पर विशेषर सिन्हा, अशोक साहू, अश्वनी पचबिये, नैनबाई देवांगन, चंपा सलामे, रोमेश्वरी निर्मलकर, प्रेमसुधा टोप्पो मौजूद थे।

### कैंसर से किया जागरूक




**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने बताया कि लोगों को कैंसर के लक्षणों के प्रति जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि कैंसर होने के लक्षण में वजन कम होना, लंबे समय तक खांसी या गले में खराश, शरीर में गांठ, थकान और त्वचा में बदलाव होना शामिल है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सक भारती वर्मा ने बताया कि लाइफस्टाइल में बदलाव, प्रदूषण, तंबाकू और शराब का सेवन अनहेल्दी डाइट और फिजिकली एक्टिविटी की कमी के कारण कैंसर जैसी बीमारी पनपती है। सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन ने कैंसर से बचाव के उपाय के बारे में बताया। संचालन भारती साहू ने किया। कार्यक्रम में मासूम वर्मा, नेमू साहू, डॉ.नवीनसिंह राजपूत, रविप्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, पूजा देवांगन, कमलेश चेलक, मोनिका सिन्हा, हीरेंद्र साहू मौजूद थे। अंत में आभार प्रदर्शन महेश साहू ने किया।

### वनांचल में बाघ की दस्तक

**डोंगरगढ़।** वनांचल में बाघ के दस्तक के साथ साथ तेंदुए होने की जानकारी मिल रही है। वन मंडल के बोरतलाव क्षेत्र सहित घोठिया तोतलभर्री में तेंदुआ देखे जाने के बाद मुडहीपार, करेला भवानी के जंगल में बाघ के होने की पुष्टि वन विभाग ने किया है। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने कहा है। सुरक्षा की दृष्टि से कर्मचारियों की डयूटी लगा दिया गया है।

### फाइलेरिया से ग्रामीणों को किया जागरूक

**डोंगरगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 10 फरवरी से फाइलेरिया की दवाई खिलाया जाएगा। इस संबंध में प्राथमिक शाला मड़यान के छात्र-छात्राओं ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर फाइलेरिया के प्रति ग्रामीणजनों को जागरूक किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उदासाबाई, शिक्षक मुकेश कांडे, श्रीकांत कांडे, बिहान समुह के सदस्य मौजूद थे।

### तेजी से लुढ़क रहा जल स्तर, गर्मी में समस्या और बढ़ेगी

# बेलगांव में गहराया जल संकट

## मात्र दो हैंडपंप से ग्रामीणों को मिल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत खैरा नवापारा के आश्रित ग्राम बेलगांव में पखवाडे.भर से पेय एवं निस्तारी जल की समस्या बनी हुई है। यह समस्या दिन ब दिन गंभीर हो रही है। विभाग द्वारा पेयजल व्यवस्था बनाने का प्रयास किया गया पर सफलता नहीं मिली है।

जानकारी अनुसार लगभग एक हजार आबादी वाले इस गांव में पांच हैंडपम्प है जिसमें से दो ही पम्प ऐसे हैं जिससे पानी निकलता है। गांव में नल जल योजना का काम चल रहा है। गली में पाईप लाईन का विस्तार करने के अलावा घरों में नल लग गया है, पर टंकी का निर्माण नहीं होने से बोर से जल सप्लाई किया जा रहा था। बोर का जल स्तर गिरने के बाद पेयजल की सप्लाई बंद हो गया। विभाग को जानकारी होने पर बोर में अतिरिक्त पाईप डालकर पेयजल आपूर्ति बनाए रखने का प्रयास किया गया किन्तु जल स्तर गिरने से सफलता नहीं मिली है।



**दो हैंडपंप के सहारे ग्रामीण**

गांव के लोग इन दिनों दो हैंडपम्प के सहारे जीवन बसर कर रहे हैं। दो चार घरों के लोग बोर का उपयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार जल स्तर गिरने से अन्य बोर भी दम तोड़ने लगे हैं। हैंडपम्प में सुबह शाम पानी भरने कतार लगी रहती है। तालाब भी सूख जाने से मवेशियों के निस्तार की समस्या खड़ी हो गई है। इसी प्रकार चकनार, सड़क अतरिया, मानपुर में भी जल स्तर में कमी आने की खबर है।

#### नए बोर खनन की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि गांव का जल स्तर लगातार गिर रहा है। सरकारी एवं निजी बोर, हैडपम्प, कुआं सूख रहे हैं। गांव में जल संकट गंभीर रूप लेने लगा है। गर्मी के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाएगी।ग्रामीणों ने बताया कि समीप बहने वाले नाला के आस पास बोर खनन किया जाए तो राहत मिल सकती है। ग्रामीणों ने जल संकट के निदान की मांग किया है।

#### प्रयास किया जा रहा समाधान का

जल स्तर गिरने से पेयजल समस्या की जानकारी मिली है। तकनीकी सहायक के माध्यम से पेयजल पूर्ति कराने का प्रयास किया जा रहा है। समस्या का हल निकाला जाएगा। - **त्रिलोक चौरे,** सहायक अभियंता

# अंततः रीता के नाम पर कांग्रेस ने लगायी मुहर

**डोंगरगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 5 से कांग्रेस ने अंततः रीता नाहटा के नाम पर मुहर लगा दिया हैं। इस स्वीकृति के साथ हरिभूमि की खबर पर भी मुहर लग गई है जिसने काफी पहले क्षेत्र 5 अर्जुनी से रीता नाहटा और क्षेत्र 6 आसरा से नीलम साहू अधिकृत होने की खबर प्रकाशित किया था।र

जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीतसिंह गैंदू ने 7 फ़रवरी को पत्र जारी कर जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 5 अर्जुनी से पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा की पत्नी




रीता नाहटा और क्षेत्र 7 तुमड़ीबोड़ से होमदत्त वर्मा को अधिकृत करने की जानकारी दी है। इस घोषणा के साथ प्रत्याशियों को लेकर जारी संशय पर विराम लग गया है। अब यह हो गया है कि कांग्रेस से रीता नाहटा चुनाव लड़ेगी जिनका मुकाबला भाजपा की मौजूदा सदस्य इंदुमती साहू से होगा।

#### सच निकली खबर

हरिभूमि ने 23 जनवरी के अंक में जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 5 में कांग्रेस से रीता नाहटा, भाजपा से इंदुमति साहू और क्षेत्र क्रमांक 6 आसरा से नीलम साहू और जागृति चुन्नी यदु के प्रत्याशी बनने का खुलासा किया था। संयोग ही कहा जाए कि कांग्रेस भाजपा ने अनुमान के अनुसार ही चारों के नाम पर ही मुहर लगाया है। श्रीमती नाहटा के अधिकृत होने से कांग्रेसजनों मे हर्ष देखा जा रहा है। ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष चेतन साहू, कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू, टिकेश साहू, मोहनीश साहू, मुरली निषाद, संजय संचेती, बलिराम साहू, द्रोपती साहू, हुकुमचंद जैन, संतोष ठाकुर, अनिता चन्द्राकर, आत्माराम सोनी, पुनीत सोनकर, अमर साहू, गोपी नेताम, ओमेश साहू, पुन्ना पाल, सुशीला साहू, पुरूषोत्तम देवांगन, बेनूबाई साहू, सखाराम सिन्हा, रेवाराम साहू, गणेश निषाद, कृतलाल आदि ने बधाई दिया है।

# भाजपा ने उतारे 19 जनपद प्रत्याशी

## कांग्रेस ने अब तक नहीं जारी की प्रत्याशियों की सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत 25 जनपद क्षेत्रों में सदस्यों के चुनाव होना है। नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आबंटन के बाद भाजपा ने 19 क्षेत्रों में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है।

भाजपा ने गुरूवार को देर रात 19 उम्मीदवारों की घोषणा किया है। मंडल एवं जिला चयन समिति की अनुशंसा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से जिला महामंत्री सौरभ कोठारी द्वारा जारी सूची के अनुसार जनपद पंचायत क क्षेत्र क्र. 2 रंगीटोला में चुनिया थानसिंग, क्षेत्र 4 तेलीनबांधा में पल्लवी स्वामी नायडू, क्षेत्र 5 पंडरापानी में सुभोतिनबाई धुर्वे, क्षेत्र 6 भर्रीटोला आंको में शांति कुंजाम, क्षेत्र 7 भर्रीटोला पैरी में रामेश्वर पंचारी, क्षेत्र 8 घोघरे में हिरमोतिन साहू, क्षेत्र 9 बिटाल में भेषबाई साहू, क्षेत्र 10 पुर्रामटोला में बहुरदास वाडेकर, क्षेत्र 11 बैरागीभेंड़ी में ईश्वरलाल साहू, क्षेत्र 12 केशोटोला में मीनाबाई कंवर, क्षेत्र 13 बूचाटोला में प्रशांत ठाकुर, क्षेत्र 14 कुहीकला में संजय सिन्हा, क्षेत्र 18 सोमाझिटिया में भारती देवांगन, क्षेत्र 19 अछोली में एकांत चंद्राकर, क्षेत्र 20 सागर में हेमा नेताम, क्षेत्र 21 भंडारीभरदा में लक्ष्मीबाई मंडावी, क्षेत्र 23 तुरेंगढ़ में हरिलाबाई, क्षेत्र 24 में द्रोपती भूपेन्द्र नायक, क्षेत्र 25 में चैतीबाई जोशी को अधिकृत किया है।




#### 6 क्षेत्रों की घोषणा नहीं

छुरिया के 6 जनपद क्षेत्रों में भाजपा ने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं किया है जिसमें क्षेत्र क्र. 1 रानीतालाब, क्षेत्र 3 मगरधोखरा, क्षेत्र 15 जयसिंगटोला, क्षेत्र 16 कोलिहालमती, क्षेत्र 17 पठानढोड़गी, क्षेत्र 22 पांगरीखुर्द शामिल है।

# महिला बेच रही खुलेआम शराब अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई

## वार्डवासी करेंगे पालिका चुनाव का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी के वार्ड 18 में एक महिला खुलेआम शराब बेच रही है। इस आशय की लगातार शिकायत के बाद भी अधिकारी कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं। वार्डवासियों की शिकायत करने के बाद 4 माह से अधिकारी हाथ पैर हाथ धरे बैठे हैं।

वार्ड 18 के सन्नी सारथीख रामसेन, कुमारी नामदेव, दुर्गा राय, संदीप नामदेव, जामबाई, केदार यादव, नीराबाई, संजय नरेड़ी, सरोज, अंजू नामदेव, महेश सेन, ममता छेदन सहित अन्य ने एसडीएम, सीएमओ, एडीओपी एवं सहायक आयुक्त आबकारी से इस आशय की शिकायत किसा था। शिकायत में नागरिकों ने बताया कि वार्ड 18 की एक महिला सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण करते हुए गुमटी लगाकर शराब बेचती है।

इस मामले की पूर्व में भी मोहल्लेवासियों ने थाने में शिकायत किया था। पुलिस ने कार्रवाई किया था किन्तु वह महिला दूसरे दिन से अवैध दुकान के समीप सीमेंट कुर्सियां लगाकर शराब बेचने लगी थी। वह शराबियों को पीने की सुविधा भी मुहैया कराती है।

#### नाम के लिए कार्रवाई

जानकारी के अनुसार मोहल्ले वाले शराब बिक्री का विरोध करते थक गए है। अधिकारी सिर्फ नाम के लिए कार्रवाई करते हैं और उसके दूसरे दिन फिर शराब बिकना शुरू हो जाता है। कहा जा रहा है कि सत्ताधारी दल के संरक्षण के कारण महिला बेखौफ होकर शराब बिक्री कर रही है। वार्डवासियों ने बताया कि सरकारी राशि से बनी गुमटी का खुलकर दुरुपयोग किया जा रहा है। इस संबंध में सीएमओ से कई बार शिकायत किसर जा चुका है। अधिकारी हर बार कार्रवाई के लिए एक-दो दिन का समय मांगते हैं और कार्रवाई नहीं करते।

#### डरने लगी महिलाएं

शराब की बिक्री से शाम 6 बजे से 10.30 बजे तक मोहल्ले की महिलाओं एवं नागरिकों का आवागमन बाधित हो जाता है क्योंकि यहां शराब बिक्री होने से शराबियों का जमघट लगा रहता है। उल्लेखनीय है कि लगभग 100 मीटर दूरी पर मंदिर है जहां शाम को मोहल्ले की महिलाएं दीपक जलाने जाती है किंतु असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा होने से महिलाएं रात्रि में गुजरने से डरने लगी हैं।

#### आबकारी करेगा कार्रवाई

राब की अवैध बिक्री आबकारी एवं पुलिस का मामला है। अतिक्रमण के खिलाफ अवश्य कार्रवाई की जाएगी। - **सीके शर्मा,** सीएमओ

### क्लीन सिटी बनाने की कवायद

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ को क्लीन सिटी बनाने के संकल्प के साथ नगर पालिका ने 24 वार्डो सहित तीर्थ स्थलों की सफाई कर जनता को जागरूक करने का प्रयास शुरू किया है। गत दिनों मुख्य मार्गो के अलावा प्रज्ञागिरि, चंद्रगिरि, उपर मंदिर, नीचे मंदिर, गोल बाजार एवं सभी मतदान केन्द्र के आसपास 60 कर्मचारियों के माध्यम से अभियान शुरू किया गया। तीर्थ स्थलों में आने वालों के लिए बिजली, पानी, मूत्रालय एवं शौच की व्यवस्था नगर पालिका कर रही है। अनुविभागिय अधिकारी मनोज मरकाम के नेतृत्व में सीएमओ सीके शर्मा स्वयं इन कार्यों का संपादित करा रहे हैं।



## मुस्तैदी से मैदान में डटे सिद्दीक



**डोंगरगांव।** जनसेवा के विविध कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सिद्दीक बड़गुजर दूसरी बार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर निकाय चुनाव में भाग्य आजमा रहे हैं। वार्ड सात के निर्दलीय उम्मीदवार श्री बड़गुजर ने पांच साल पहले वार्ड क्रमांक चार से चुनाव लड़कर भाजपा- कांग्रेस को पटखनी देते हुए जीत दर्ज किया था। पार्षद रहने के दौरान वार्ड में विभिन्न विकास कार्य तो कराया ही साथ ही बच्चों और युवाओं के लिए मस्ती की पाठशाला की शुरूवात किया था। उन्होंने राष्ट्रीय पर्व को नए कलेवर के साथ मनाने की भी शुरूवात किया। रचनात्मक कार्यों के अलावा उन्होंने जन समस्याओं को उठाते हुए तीन दिनों तक अनशन भी किया था। उन्होंने चुनाव चिन्ह आबंटन के बाद से वार्ड सात में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क करना शुरू कर दिया था। उनका संपर्क अभियान लगातार जारी है। वार्ड के लोगों का उन्हे समर्थन मिल रहा है।

# पिंकी लोढ़ा हो रही मतदाताओं रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर पंचायत अध्यक्ष पद की निर्दलीय प्रत्याशी पिंकी ललित लोढा का शहर में तूफानी जनसंपर्क जारी है। वह मतदाताओं से रूबरू मिलकर आशीर्वाद मांग रही है। उनके लिए परिजन एवं समर्थक भी डोर टू डोर जाकर संपर्क कर लोगों से शहर के विकास के लिए समर्थन मांग रहे हैं। पूरे शहर में उनके नाम की चर्चा है। शहर के सभी वार्डों एवं सार्वजनिक जगहों पर श्रीमती लोढा के पोस्टर बैनर दिखाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 10 साल पहले भी निकाय चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार बने थे। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी का मुकाबला निर्दलीय के साथ हुआ था। दस साल फिर वैसे ही राजनीतिक हालात दिखाई देने लगे हैं।



### उज्बेकिस्तान में हुई स्पर्धा

# श्रीमंत झा ने भारत के लिए जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के श्रीमंत झा ने उज्बेकिस्तान में 1 से 3 फरवरी तक आयोजित वर्ल्ड पैरा आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर भारत, छत्तीसगढ़ और आईबी ग्रुप का नाम रोशन किया है। दुनिया के शीर्ष पैरा एथलीट्स के साथ प्रतिस्पर्धा करते श्रीमंत की यह शानदार उपलब्धि उनके आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण है। यह जीत न केवल श्रीमंत के लिए एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भारत में पैरा खेलों के लिए भी एक ऐतिहासिक क्षण है।

आईबी ग्रुप की प्रोटीन फॉर ऑल पहल ने ऐसे एथलीटों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्रीमंत की यात्रा इस बात को दर्शाती है कि जब पैरा एथलीट्स को सही संसाधन और प्रोत्साहन मिलता है, तो वे अपार सफलता हासिल कर सकते हैं। श्रीमंत की इस शानदार उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने ट्विटर के माध्यम से उनके समर्पण और प्रतिभा की सराहना करते उन्हें बधाई दी। अपनी जीत पर श्रीमंत ने सभी का आभार व्यक्त करते कहा कि यह सिल्वर मेडल मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है और यह आईबी ग्रुप के साथ के बिना संभव नहीं हो पाता। उन्होंने मुझ पर और मेरे जैसे पैरा एथलीट्स पर जो भरोसा दिखाया है, उसने हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का हौसला दिया है।



#### उपलब्धि सभी के लिए प्रेरणा

इस उपलब्धि पर आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने कहा कि यह जीत इस बात का उदाहरण है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से हम क्या हासिल कर सकते हैं। आईबी ग्रुप में हम एथलीटों का समर्थन करने और उन्हें आगे बढ़ाने प्रतिबद्ध हैं। श्रीमंत की यह उपलब्धि सभी के लिए प्रेरणा है और हमें गर्व है कि हम इस सफलता का हिस्सा बन सके। श्रीमंत झा की यह जीत उन सभी एथलीटों के लिए उम्मीद की किरण है, जो बताती है कि सच्ची ताकत सिर्फ शारीरिक क्षमता से नहीं आती, बल्कि परस्पर सहयोग और दृढ़ संकल्प से आती है, जो ऐसे समाज का निर्माण कर सकती है, जहां हर किसी को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिले।

### नशा कर स्कूल आते हैं शिक्षक

**डोंगरगढ़।** प्रायमरी स्कूल तोतलभरी के दो शिक्षक आए दिन नशे की हालत में आते हैं। इस आशय की शिकायत होने के बाद भी विभाग कार्रवाई करने के बजाये मामले को दबाने में लगा है। कार्यवाही नही होने के बाद ग्रामीण अब स्कूल में ताला लगाने की तैयारी में हैं। ग्रामीणो ने मना करने के बाद भी दोनों शिक्षक शराब का सेवन कर आते हैं।

### नाटक का मंचन आज

**डोंगरगढ़।** विकल्प एक प्रयास संस्था द्वारा कल 9 फरवरी को कार्यक्रम रखा गया है। राजनांदगांव के कलाकारों द्वारा सरबजीत नाटक का मंचन रात्रि 8 बजे शहीद भगत सिंह चौक में किया जाएगा। आयोजकों से सभी शामिल होने का आव्हान किया है।



### मतदान दलों को द्वितीय प्रशिक्षण

**गंडई पंडरिया।** निकाय निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण नगर पंचायत गंडई के सभाकक्ष में 6 फरवरी को आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर कौशलसिंह राजपूत एवं सीताराम पाल ने मतदान दिवस में किए जाने वाले कार्य के संबंध में मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में नगर पंचायत की रिटर्निंग ऑफिसर रेणुका रात्रे एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अविनाश देवांगन उपस्थित थे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कटंगीकला में विधिक जागरूकता शिविर

**खैरागढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव अध्यक्ष सुषमा सावंत के निर्देशानुसार तालुक विधिक सेवा समिति द्वारा कटंगी कला में आयोजित विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर मे ग्रामीणों व छात्रों को कानून के विभिन्न प्रावधानों को लेकर जानकारी दी गई। वही डाइट और मदराकुही स्कूल के एनएसएस कैंप के बौद्धिक सत्र में जिला व अपर सत्र न्यायाधीश चन्द्रकुमार कश्यप ने वर्चुअल माध्यक से न्याय प्रक्रिया की मुश्किलों और प्रश्नों को सुनकर उनका समाधान बताया। एडीजे कश्यप ने कहा कि हम सभी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और यह उस समय और कठिन हो सकता है जब हम अपने लिए जो चाहते हैं उसे हासिल करने में दूसरों का सहयोग नही मिलता। खासकर जब बात कैरियर की हो यही कारण है कि स्वयं के साथ ईमानदारी बरते क्योकि केवल आपको ही पता होता है कि आपके लिए सबसे अच्छा क्या है। अपने विचारों और भावनाओं के बारे में खुद को सच्चाई बताकर आप उस पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे भगवान का रूप माने जाते है। बच्चों का बाल मन शारीरिक एवं मानसिक रूप से अपरिपक्व होता है ऐसे में वे अपने साथ होने वाली अच्छी या बुरी घटनाओं को बेहतर तरीके से व्यक्त नहीं कर पाते। समाज में अपराधिक प्रवृति के कुछ लोग बच्चो के इसी बालपन का फायदा उठाते है उनके साथ यौन-शोषण जैसे कुकृत्यों को अंजाम देते है। मासूम बच्चे इन चीजों को खुलकर नहीं बता पाते लेकिन ऐसी घटनाओ उनके बाल मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। बच्चो के साथ होने वाले यौन अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों को कड़ी सजा देने पॉक्सो अधिनियम लागू किया गया है। मोटर यान अधिनियम को लेकर कहा कि जिस कैटेगरी की वाहन होता है उसी कैटेगरी का लाइसेंस होना अनिवार्य है। गाड़ी का बीमा होना जरूरी है ताकि एक्सीडेंट होने पर क्षतिपूर्ति राशि बीमा कंपनी से मिल जाए। चोरी के संबंध में कहा गया कि गलत मंशा से किसी भी चीज को उसके स्थान से हटाना चोरी होता है। व्यवहार न्यायाधीश गुरुप्रसाद देवांगन ने कहा कि यदि कहीं कोई समस्या है तो उसका समाधान होता है लेकिन आवश्यकता इस बात की है कि उसकी जानकारी हमें होनी चाहिए। पीएलवी वालंटियर गोलूदास साहू ने निशुल्क विधिक सहायता, नालसा टोल फ्री नंबर 15100, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के संबंध में विसतार से जानकारी दी। इस दौरान रासेयो कृष्ण कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

### जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए नाराज नेता उतरे मैदान में

# बागी प्रत्याशी बिगाड़ सकते हैं खेल समर्पित और समर्थित में बन रहा भ्रम

## कांग्रेस एवं भाजपा दोनों दलों में स्थिति चुनौतीपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिपं चुनाव में अधिकृत नही होने के चलते ज्यादातर कांग्रेस प्रत्याशी समर्पित और समर्थित के चक्रव्यूह में उलझ गए है। अधिकृत प्रत्याशियों को लेकर जारी कांग्रेस की सूची में नाम नही होने से नाराज कई जिपं क्षेत्रों में सालों से कांग्रेस की बागडोर संभालने वाले नेता ताल ठोंक रहे है।

जिपं क्षेत्र उदयपुर मे जिला युवक कांग्रेस गुलशन तिवारी टिकट की होड़ में सारी कवायद पूरी करने के बाद भी नही मिलने से नाराज होकर चुनावी दंगल मे दमदारी से उतर गए है। खास बात यह है कि उन्होंने अपने पोस्टर बैनर में समर्थित शब्द में हल्का सा फेरबदल कर पूरी पिक्चर ही बदल दी है। कांग्रेस के प्रदेश और जिला स्तर के नेताओं के अलावा स्थानीय कांग्रेसियों के फोटो लगाकर भ्रम की स्थिति निर्मित कर दिया है। हालांकि इससे भाजपा भी अछूती नही है उसे भी कई जगहों पर बागियों से दो दो हाथ करना पड़ रहा है। कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां बागियों को समझा बुझाकर संतुलन बनाया जा सकता था लेकिन संभावना है कि जान बूझकर अपनी पार्टी के प्रत्यशियों की स्थिति को चुनौती पूर्ण बनाया जा रहा है। ये परिस्थिति दोनों राष्ट्रीय दलों में है।

### बागियों को साधना कठिन चुनौती

पांडादाह क्षेत्र में कांग्रेस से बागी होकर लड़ रहे विप्लव साहू कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी लीलाधर वर्मा को ही चुनौती दे रहे है। भाजपा ने यहॉ से मंडल अध्यक्ष दिनेश वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा 4 निर्दलीय प्रत्याशी जिसमें अधिवक्ता, युट्बर सहित किसान भी चुनावी मैदान में है। पैलीमेटा क्षेत्र 2 से गीता टांडेकर झुलपे ने भाजपा से टिकट की दावेदारी की लेकिन पार्टी ने झूरानदी निवासी परमेश्वरी कमल सिन्हा को टिकट दे दिया जिसके बाद गीता टांडेकर बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रही है। वही इस क्षेत्र से कांग्रेस अधिकृत निर्मला विजय वर्मा सहित 5 निर्दलीय प्रत्याशियों को मिलकार सर्वाधिक आठ मैदान मे है। मुढ़ीपार क्षेत्र 7 से भाजपा ने लिमेश्वरी हेमू साहू को अधिकृत किया है, लेकिन भाजपा से टिकट के दावेदार रहे अरूणा राजू बनाफर, रेखा देवदास और वन्दना वर्मा बागी होकर चुनाव लड़ रहे है जिससे भाजपा समर्पित मतदाता के वोट बटने के आसार ज्यादा है। कांग्रेस से तारा पाल है लेकिन जंगल गातापार, लछना, टेमरी सहित अन्य अदिवासी बाहुल्य क्षेत्र, जो अधिकतर कांग्रेसी बेल्ट थे उसमें गोड़वाना गणतंत्र पार्टी की माधुरी नेताम के उतरने से कांग्रेस में वोट बंटने के आसार बढ़ गए है। कुल मिलाकर देख जाए तो पहली बार हो रहे जिपं चुनाव मे पलड़ा किसका भारी होगा अभी से तय किया नही जा सकता।

### नहीं मिली टिकट तो शताक्षी देवव्रत उतरी मैदान में

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 उदयपुर में गुलशन तिवारी ने बकायदा पोस्टर बैनर में विधायक सहित कांग्रेस संगठन के तमाम नेताओं की तस्वीरें लगा रखी है जबकि कांग्रेस अधिकृत कामदेव जंघेल ने भी अपने पोस्टर बैनर में पार्टी के बडे नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, भूपेश बघेल, टीएस सिंह देव का फोटो लगा रखा है। जिसके चलते मतदाताओं में समर्थित और समर्पित को लेकर भ्रम बना हुआ है। वही भाजपा से ललित चोपड़ा सहित 3 प्रत्याशी निर्दलीय है जिनके बीच मुकाबला हो रहा है। जालबांधा क्षेत्र नौ से कांग्रेस से दशमत उत्तम जंघेल का नाम आने के बाद भी कांग्रेस से टिकट के दावेदारी कर रहे शताक्षी देवव्रत सिंह मैदान मे उतरी है। इसके साथ ही बीजेपी से जंत्री साहू अधिकृत प्रत्याशी होने पर पार्टी से बागी हुए योगेश्वरी मिनेश साहू ने भी चुनाव लड़ने का फैसला ले लिया जिसके चलते चुनाव जीतने बौर वोट बंटने से बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगना होगा।

# महोत्सव के लिए सजने लगा नर्मदा परिसर

## नर्मदा महोत्सव 10 से 12 तक



**सड़क अतरिया।** नर्मदा में सोमवार से तीन दिवसीय माघ पूर्णिमा मेला का आयोजन रखा गया है। महोत्सव को लेकर मेला परिसर सजने लगा है। कार्यक्रम स्थल पर भव्य मंच तैयार किया जा रहा है। वहीं झूला, कपड़ा, श्रृंगार, खिलौने आदि की दुकाने लगने लगी है।

मेला में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए चाक चौबंद व्यवस्था किया जा रहा है। कुंड में स्नान, माता रानी के दर्शन तथा मेला में सुरक्षा को ध्यान में रखकर बेरिकेट्स लगाया जा रहा है। जानकारी अनुसार आचार संहिता का ध्यान रखते हुए मंचीय कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। वही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शाम से रात दस बजे तक होगा। मेला की प्राचीनता एवं लोगों की आस्था को देखते हुए मंदिर समिति, पंचायत, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय कर्मचारी तैयारियों में जुटे हैं। नर्मदा मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, राम-जानकी मंदिर, कबीर मंदिर, शाकम्भरी मंदिर, लोधेश्वर मंदिर, शनि मंदिर आदि को आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है।

### होगा सांस्कृतिक आयोजन

तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान शाम को मां नर्मदा की महा आरती की जाएगी। महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को मां नर्मदा की पूजा अर्चना, आरती के पश्चात मया के डोरी काचरी वालों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा। समापन पर बुधवार को लोक मंजीरा रायपुर के कलाकार अपनी कला के रंग बिखेरेंगे।

# श्रीमद् जैनाचार्य श्री रामेश का 50वां सुवर्ण दीक्षा महामहोत्सव आज

## सामूहिक एकासन प्रवचन सहित कई धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

श्री साधु मार्गी जैन संघ द्वारा चतुर्विद संघ की मौजूदगी मे जैनाचार्य श्री रामेश का पचासवॉ सुवर्ण दीक्षा महोत्सव सामूहिक एकासन, प्रवचन सहित अन्य धार्मिक आयोजनों के साथ आज मनाएगा।

- बीते 50 सालों से देश के 16 राज्यों में पैदल विचरण कर सदाचार का दे रहे सदुपदेश

साधुमार्गी संघ के अजय सुराना, नवीन जैन ने बताया कि युगनिर्माता जैनाचार्य श्री रामलाल मसा एक अलौकिक महापुरुष हैं। उनका जन्म 1952 में राजस्थान के देशनोक में नेमचंद भूरा के यहा हुआ था। यौवन की दहलीज पर आते ही उन्होंने समता विभूति आचार्य श्री नानालाल जी मसा से 1975 में जैन दीक्षा अंगीकार की। 1992 में उन्होंने उत्तराधिकारी घोषित किया। 1999 में आचार्य पद पर आरूढ़ हुए। उन्होने बताया कि आचार्य का संयमित जीवन त्याग तप से ओत प्रोत है। भौतिक संसाधनों से परिपूर्ण युग में भी भगवान महावीर के सिद्धांतों के अनुसार कठोर साधु मर्यादा का दृढ़ता से पालन करते हैं। वाहन, विद्युतीय उपकरणों का उपयोग नहीं करते वही सम्मान और प्रशंसा की चाह से परे हैं।

बीते पचास सालो से देश के 16 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में पैदल विचरण कर जन जन को नैतिकता, सदाचार और सत्संस्कार का सदुपदेश दिया है। प्रवचनों और सत्साहित्य ने कई को जीने की सच्ची राह दिखाई है।

### नियमों का पालन करने बनाई 21 नियमावली

आचार्य के समाज कल्याण को लेकर विभिन्न आयाम स्थापित किया है वही व्यसन मुक्ति अभियान से प्रेरित होकर लाखों लोगों ने शराब, गुटका, तंबाकू का त्याग कर दिया है। विवाह आदि कार्यक्रमों में दिखावे और संस्कृति को पतन की ओर ले जाने वाली कुरीतियों के उन्मूलन हेतु सामाजिक उत्क्रान्ति का उद्घोष कर प्रत्येक व्यक्ति में नैतिकता का गुण विकसित हो। देश ही नही समग्र विश्व दुराचार रिश्वतखोरी जैसी बुराइयों से बचकर नैतिकता की राह पर चले इसके लिए उन्होने इक्कीस सूची नियमावली का पालन करने वाले गुणशील समाज की स्थापना की है। 400 से ज्यादा साधकों को जैन दीक्षा देने वाले आचार्य रामेश के नेतृत्व में 500 के आसपास साधु साध्वी पूरे देश में पैदल विहार करते हुए जनजन को सद्उपदेश दे रहे हैं। साधु जीवन के 50 साल पूरा करने पर उनके अनुयायी गृहस्थ वर्ग जिसे श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ के नाम से जाना जाता है। उसके द्वारा आचार्य श्री रामेश दीक्षा सुवर्ण महोत्सव के रूप में बीते तीन सालो से ज्ञानार्जन व्रत, तप-त्याग के साथ जीवदया, रक्तदान जैसे लोकोपकारी कार्य संपादित कर मनाया जा रहा है। समाज और राष्ट्र को धार्मिकता के साथ-साथ नैतिकता, ईमानदारी और सदाचार का पाठ पढ़ाने वाले आध्यात्मिक महापुरुष युग निर्माता जैनाचार्य श्री रामेश जी के साधू जीवन के 50 साल पूरा होने पर समता भवन में विविध आयोजन किया जाएगा।

# दो महीने से नहीं मिला वेतन, अधिकारी कर्मचारी निकले दुकान किराया वसूलने

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ज्यादातर जागरूकता अभियान में निकलने वाला नगर पालिका के पूरे स्टाफ भूत्य से लेकर सीएमओ तक को एक साथ शापिंग कांपलेक्स में दुकानों के सामने खड़ा देखकर लोगों को आश्चर्य हुआ, लेकिन बाद मे पता चला कि दो महीनों से वेतन नही मिलने के चलते नपा का पूरा स्टाफ जिसमे सीएमओ नरेश वर्मा, उप अभियंता दिपाली तंबोली मिश्रा, लेखापाल, आरआई, भृत्य, प्लेसमेंट कर्मचारी सहित दैवेभो कर्मचारी शामिल है वो नपा निर्मित दुकानों का सालों से रूका किराया वसूलने निकले है।

जानकारी अनुसार शहर में मुमं स्वालंबन योजना तहत नए बस स्टैंड के 21 दुकानों से नपा को 3 लाख से उपर, प्रतीक्षा बस स्टैंड मे 17 दुकानदारों से साढ़े 3 लाख से उपर और वही बने 27 दुकानदारों से 2 लाख से उपर किराया राशि लेना है। इसके साथ ही नए बस स्टैंड के कांपलेक्स के 12 दुकानदारों से पौने दो लाख के आसपास, फतेह मैदान में निर्मित कांपलेक्स के 25 दुकानदारों से तीन लाख के आसपास, जनपद स्कूल के 3 से 35 हजार से उपर, मिनी स्टेडियम में बने 6 से 60 हजार से उपर, पुराने बस स्टेंड स्थित 21 दुकानदारों से डेढ़ लाख के आसपास, कांजी हौस के पाचं दुकान मालिकों से चालीस हजार, गोलबाजार के 12 दुकानदारों से 83 हजार, ईतवारी बाजार के हॉट कांपलेक्स के 23 दुकानदारों से ढाई लाख से उपर, संगीत विवि के पांच से 90 हजार के आसपास और मंगल भवन व ईतवारी बाजार के 40 गुमटी चलाने वाले दुकानदारों से सवा लाख से उपर बकाया किराया वसूलना है।



### 22 लाख से ज्यादा किराया बाकी

शहर के अलग अलग इलाकों में नपा द्वारा 178 दुकानों का निर्माण कर किराए में दिया गया है, लेकिन दुकनदारों द्वारा निर्धारित समय सीमा में मासिक किराया जमा नही के कारण नपा में वित्तीय संकट गहरा गया है और यह स्थिति निर्मित हो गई है कि स्टॉफ को दो महीने से वेतन नही मिल पाया है। किराया राशि वसूली को लेकर कई दफे नपा स्टाफ को दुकानदारों के पास दस्तक देनी पड़ती थी इसके बाद भी दुकान संचालक गंभीरता नही बरत रहे थे और 178 दुकानों सहित 40 गुमटियों का कुल किराया 22 लाख के आसपास बकाया हो गया। नपा में वित्तीय संकट को देखते हुए सीएमओ नरेश वर्मा पूरे स्टाफ के साथ दुकानो तक पहुंचे। दुकानदारों को बताया कि उनके समय पर किराया नही देने के कारण नपा कर्मचारियों को दो महीने से वेतन नही मिला है। अनुरोध पर एक ही दिन मे आधा दर्जन दुकानदारों ने 50 हजार से उपर का बकाया राशि देकर रसीद लिया और आश्वस्त किया कि वो समय पर किराया जमा करेंगे।

### सात दिनों का समय दिया गया है

नपा की माली हालत और बकाया किराया राशि को लेकर पूरे स्टॉफ के साथ वसूली अभियान चालू किया गया है। दुकानदारों को सात दिनों का समय दिया गया है। बकाया राशि जमा नही करने पर आठवें दिन सीलबंदी की कारवाई की जाएगी। - **नरेश वर्मा,** सीएमओ, नपा परिषद

# अब दिल्ली समृद्ध राजधानी के रूप में विकसित होगी : डुलानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



- अहंकार की हुई हार, मोदी गारंटी जीती

भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश डुलानी ने दिल्ली में भाजपा को मिली बड़ी जीत पर खुशी व्यक्त करते कहा कि लगातार तीन बार मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए केजरीवाल की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाए और अहंकार पर दिल्ली की जनता ने करारा वार किया है। केजरीवाल और सिसोदिया की निजी हार ने यह तय कर दिया कि देश विरोधी गतिविधियों एवं भ्रष्टाचार में लिप्त रहने वाली आप पार्टी के सितारे अब अस्त हो गए हैं ।

श्री डुलानी ने कहा कि आप पार्टी ने जेएनयू में लगाए गए देश विरोधी नारे का समर्थन कर अपनी देशविरोधी मानसिकता का परिचय दिया था। पंजाब में खालिस्तान समर्थकों के सहयोग से सरकार बनाई। भारत की सेना द्वारा पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक के समय सेना से इसका सबूत आम आदमी के नेता ने पूछा था। ऐसी देश विरोधी पार्टी को दिल्ली की देवतुल्य जनता ने सबक सिखाया है। अहंकार की हार हुई और मोदी गारंटी की जीत हुई है। इसके लिए वे दिल्ली की जनता को साधुवाद देते हैं और दिल्ली की जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया है, भारी समर्थन दिया है उसके लिए आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाले समय में दिल्ली को देश की समृद्ध राजधानी के रूप में विकसित करेंगे और मोदी की गारंटी दिल्ली में लागू कर विकास का नया आयाम स्थापित करेंगे।

अब दिल्ली को भाजपा केंद्र बिंदु बनाकर मॉडल राज्य बनाने में अपनी पूरी शक्ति लगाएगी। दिल्ली की इस जीत पर सुरेश डुलानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं को इसका श्रेय देते उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# डीईओ ने किया सेजेश का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला शिक्षा अधिकारी फ़त्तेराम कोसरिया ने मानपुर विकासखंड का दौरा करते हुए बीआरसी एवं सेजेश विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षक सत्र के दौरान विद्यार्थियों के अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र एवं छात्रवृत्ति वितरण की जानकारी ली। उन्होंने मानपुर के बीईओ श्री कौर से इस संबंध में आवश्यक जानकारी लेकर सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी और जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए।

वह स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय मानपुर पहुंचकर विद्यार्थियों से रूबरू हुए। उन्होंने विद्यार्थियों से अंग्रेजी में चर्चाकर शिक्षा स्तर को परखा। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा की तैयारी के लिए पूर्ण रूप से तैयार होने कहा। उन्होंने कक्षा में पहुंचकर विद्यार्थियों के बौद्धिक क्षमता को परखा। भ्रमण के दौरान उन्होंने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय भर्रीटोला के विद्यार्थियों से भेंट कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को देखते हुए आने वाले संभावित प्रश्नों की तैयारी कराएं। जिला शिक्षा अधिकारी ने फुलकोहडो में शिक्षकों की उपस्थिति और अध्यापन कार्य की जानकारी ली। यहां के शिक्षकों द्वारा दैनिक डायरी नहीं बनाया जा रहा है जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर किया। विद्यालय के एक शिक्षक को कक्षा के बाहर बैठे पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त किया।

# खेल के वैश्विक मानचित्र में उभरा टूर्नामेंट, खिलाड़ियों ने सराहा

**राजनांदगांव।** देश के ख्याति प्राप्त क्रिकेट टूर्नामेंट रानी सुर्यमूखीदेवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लड लाईट टी -20 क्रिकेट चैंपियनशिप का उद्घाटन आज दिग्विजय स्टेडियम में संपन्न हुआ। छग स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) अध्यक्ष जुबिन शाह व सचिव अतिथि रहे। उन्होंने जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) के इस 19वें आयोजन को क्रिकेट के क्षेत्र में उपलब्धियों वाली यात्रा करार दिया। अतिथियों ने पहले दिन मैदान पर उतरने वाली टीम के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस टूर्नामेंट का लाइव टेलीकॉस्ट फैनकोड पर किया जा रहा है।

इससे पहले चैम्पियनशिप के प्रथम मैच के पूर्व उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं जिलाधीश संजय अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा उपस्थित थे। साथ में अतिथि के रूप में प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि एवं जितेंद्र मिश्रा , प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

चैम्पियनशिप का उद्घाटन करते अतिथियों ने खिलाड़ियों, अंपायर्स एवं लाइव टेलीकास्ट के अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर टॉस करवाया। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों, सपोर्टिंग स्टाफ एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों ने राष्ट्रीय गान के साथ चैम्पियनशिप का औपचारिक उद्घाटन किया।

उद्घाटन के लिए पहुंचे अतिथियों का डीसीए अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी, उपाध्यक्ष घनश्याम लाल भारत का ठानी अजय पांडे, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, विकास अग्रवाल, रोहित पारख, ऋषभ बाफना सहित सदस्य अन्य सदस्यों ने स्वागत किया। इस दौरान डीसीए अध्यक्ष श्री कोठारी ने इस फ्लड लाईट टी-20 टूर्नामेंट के लिए सीएससीएस से मिले सहयोग पर धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सीएससीएस ने इस आयोजन को विश्व पटल पर जगह दिलाई है। हर क्षेत्र में उन्होंने इसे और निखारने और बढ़ाने का काम किया है। उनका ये प्रयास क्रिकेट जैसे खेल को राज्य में आगे बढ़ाने और गांव-कस्बों तक ही नहीं, बल्कि हमारे हुनर को वैश्विक जगत में स्थापित करने वाला साबित होगा। डीसीए के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि राजनांदगांव के भव्य दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित इस स्पर्धा बीसीसीआई के मानदंडों के अनुरूप खेली जा रही है। बेहतर और सपाट मैदान को खिलाड़ियों ने भी सराहा है। इसे तैयार करने में विशेषज्ञों की मदद ली गई है। यही नहीं टूर्नामेंट में आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में इस्तेमाल होने वाले संसाधन और स्पोर्टस किट का इस्तेमाल किया जा रहा है। अतिथियों सीएससीएस अध्यक्ष जुबिन शाह आयोजन को लेकर कहा कि राजनांदगांव का यह मशहूर क्रिकेट टूर्नामेंट और स्टेडियम कई अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खिलाड़ियों के उम्दा खेल का गवाह रहा है।

इस वर्ष इस आयोजन को और भी बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। यहां खेले जाने वाले मुकाबले देश-विदेश में लाइव देखे जा रहे हैं। ये सौगात राजनांदगांव और खेलप्रेमियों के लिए गौरव की बात है।




### धाकड़ खिलाड़ियों से सजी टीमों में मुकाबला, दर्शक उमड़े

फ्लड लाईट टी-20 टूर्नामेंट के पहले दिन महाराष्ट्र 11 बनाम विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन और छग स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन बनाम ओड़िसा क्रिकेट एसोसिएशन के बीच खेला गया। इन मुकाबलों में आईपीएल, अंडर-19, रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी, मांकड़ ट्रॉफी, कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरने वाले खिलाड़ी मैदान पर उतरे। रोमांचक मुकाबलों को देखने बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम पहुंचे।

### आज के मैच

शाम 4.30 बजे महाराष्ट्र 11 बनाम ओड़िसा क्रिकेट एसोसिएशन।

शाम 8.30 बजे छग राज्य क्रिकेट संघ बनाम विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन। दोनों ही मैचों का सीधा प्रसारण फैनकोड पर होगा।

### न्यायालय तहसीलदार खैरागढ़

जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

रा.प्र.क. 1 ब/121 वर्ष 2024-2025

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा ग्राम खम्हरियाखुर्द प.ह.न. 32 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के द्वारा आवेदक महाप्रबंधक, जिला व्यापार एंव उद्योग केन्द्र जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई द्वारा कार्यालय संचालन हेतु 2000 वर्गफुट की आवश्यकता होने के कारण नगर खैरागढ़-कवर्धा मार्ग पर स्थित भूमिस्वामिनी श्रीमती गीताबाई वर्मा के व्यवसायिक भवन 1500 वर्गफुट को किराए पर लिए जाने हेतु प्रकरण जांच हेतु अ.विअ. महो. खैरागढ़ से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।

अतएव ग्राम खम्हरियाखुर्द प.ह.न. 32 में कार्यालय संचालन हेतु 2000 वर्गफुट की आवश्यकता होने के कारण नगर खैरागढ़-कवर्धा मार्ग पर स्थित भूमिस्वामिनी श्रीमती गीताबाई वर्मा के व्यवसायिक भवन 1500 वर्गफुट को किराए पर लिए जाने हेतु जिस किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 24/02/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 05/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 05/02/2025
सुनवाई दिनांक : 24/02/2025

मुहर — तहसीलदार खैरागढ़ (छ.ग.)

EASY EMI स्कीम के संग लेकर आइए केवल
आधार कार्ड पैन कार्ड
ले जाइये अपना मनपसंद कम्प्यूटर, लैपटॉप आसान किश्तों में
- Services -
Formatting, Software Installation, C.C.T.V. Camera
Annual Maintenance Contract
hardware Trouble Shooting, Cartridge Refilling
All types of Printer Repairing
All Accessories Available
SONY VAIO intel Canon IBM ASUS DELL acer lenovo hp SAMSUNG
नोट :- हमारे यहां नये पुराने सभी प्रकार के कम्प्यूटर, लैपटॉप उपलब्ध है।
पेन्टीयम कम्प्यूटर
गणेश बाड़ा, हाई स्कूल के सामने, डोंगरगढ़
9827960529, 07823&233123

## सार समाचार



राजनांदगांव। पूर्व सांसद व भाजपा नेता अभिषेक सिंह लगातार शहर के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क कर महापौर एवं पार्षदों के लिए प्रचार प्रसार कर रहे हैं। वार्ड नं. 10 में श्री सिंह के साथ भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के बशीर सोनू सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

### अब्दुल बने राज्य अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद राज्यसभा इमरान प्रतापगढ़ी ने नियुक्ति पत्र जारी कर अब्दुल कलाम खान को राजस्थान प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। उक्त अनुशंसा के लिए उन्होंने इमरान प्रतापगढ़ी, सोनिया गांधी, मलिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका, केसी वेणुगोपाल और फूलोदेवी नेताम सहित अल्पसंख्यक विभाग का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति से संगठन और इष्ट मित्रों में हर्ष का माहौल है।

### एनपीएस पेंड्री के विद्यार्थी साइंस ओलंपियाड प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्तर पर

**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री के विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में द्वितीय स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड में कक्षा तीसरी की इकरा परवीन, कक्षा चौथी की गीत विजय मोटवानी तथा कक्षा पांचवी की अनुकृति साहू, राष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड में कक्षा तीसरी की इकरा परवीन, कक्षा चौथी की गीत विजय मोटवानी तथा कक्षा सातवीं के वेदांत चक्रधारी तथा अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में कक्षा तीसरी के आरित काबरा, कक्षा चौथी की गीत विजय मोटवानी, कक्षा पांचवी के शुभ जैन, कक्षा छठवी की सांची बोपचे, कक्षा आठवी के लकी स्वैन तथा कक्षा नवमी के अर्पित सिन्हा ने प्रथम स्तर में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर द्वितीय स्तर हेतु अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस अवसर पर शाला प्राचार्य भारती गौते, निदेशकगण तथा शिक्षकों सहित शाला परिवार ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं प्रेषित की है। उक्त जानकारी शाला के प्रचार-प्रसार प्रभारी अनुराग सक्सेना ने दी।

### देश का दिल जीता अब संस्कारधानी की बारी : सौरभ



**राजनांदगांव।** भाजपा के जिला महामंत्री सौरभ कोठारी ने भाजपा की दिल्ली विधानसभा में पार्टी की बड़ी जीत पर हर्ष व्यक्त करते कहा कि राजधानी में 27 वर्ष बाद भाजपा की जीत से क्षेत्र के भाजपाइयों में खुशी की लहर है। दिल्ली के जनादेश से देश की राजनीति में भाजपा का मनोबल बढ़ेगा और इस जीत से देश सहित सभी राज्यों में दूरगामी असर पड़ेगा। श्री कोठारी ने कहा कि दिल्ली जीता, अब संस्कारधानी की बारी है। कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के साथ उपचुनाव और छत्तीसगढ़ में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव में भी इसका सीधा असर होगा। प्रदेश सहित संस्कारधानी की जनता भी डॉ. रमन सिंह के इस विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर ले जाने महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव सहित 51 पार्षद प्रत्याशियों को 11 फरवरी को कमल निशान का बटन दबाकर प्रदेश सहित राजनांदगांव से कांग्रेस को करारा सबक सिखाएगी। देश की राजधानी की जनता ने दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस का सुपड़ा साफ कर दिया। अब नगरीय निकायों में छत्तीसगढ़ की बारी है।

### सालभर में निगम ने की पौने 14 करोड़ की राजस्व वसूली

**राजनांदगांव।** नगर निगम वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व वसूली के लिए सुनियोजित अभियान चला रहा है और शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली के लिए प्रतिदिन राजस्व का अमला निगम के साथ-साथ प्रतिदिन घर-घर जाकर समस्त करों की वसूली कर रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष में जनवरी माह तक नगर निगम ने विभिन्न राजस्व करों के माध्यम से 13 करोड 72 लाख 36 हजार रुपए की राजस्व आय प्राप्त की है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने राजस्व आय के संबंध में बताया कि उपायुक्त मोबिन अली के नेतृत्व में निगम के राजस्व विभाग द्वारा प्रतिदिन राजस्व कार्यालय व घर-घर जाकर राजस्व वसूली किया जा रहा है। वार्डों में शिविर के माध्यम से भी वसूली की गई और इस वित्तीय वर्ष में जनवरी माह तक 13 करोड़ 72 लाख 36 हजार रुपए की राजस्व वसूली हुई है, जो गत वर्ष की तुलना में अधिक है।

**कड़ाई से करें वसूली की कार्रवाई**

उन्होंने बताया कि समय-समय पर राजस्व प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें डिमांड के विरूद्ध वसूली करने निर्देशित किया जाता है। इस वित्तीय वर्ष की वसूली के तहत जनवरी माह तक डिमांड के विरूद्ध सम्पतिकर की वसूली 3 करोड 56 लाख, समेकितकर की वसूली 1 करोड 19 लाख, जलकर की वसूली 2 करोड 59 लाख रुपए की गई है। इसी प्रकार दुकान किराया से 76 लाख रुपए, अन्य मद जैसे भवन भूखंड, कालोनी अनुज्ञा, विज्ञापन होर्डिंग्स आदि से 4 करोड़ 75 लाख रुपए तथा यूर्जर चार्जेस की 88 लाख रुपए की वसूली हुई, जो गत वर्ष की तुलना में अधिक है, लेकिन लक्ष्य के अनुरूप वसूली की जानी है।

**नगर विकास में बने सहभागी**

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि अपने बकाया करों का भुगतान करने में करदाताओं का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है और वे अपने संपत्तिकर, जलकर, समेकित कर तथा दुकान किराया का भुगतान कर रहे हैं, किन्तु कुछ करदाताओं द्वारा करों का भुगतान लंबे समय से नहीं किया जा रहा है, उन्हें नोटिस दी गई है तथा जल्द से जल्द बकाया करों का भुगतान करने कहा गया है। उन्होंने करदाताओं से अपील करते कहा है कि अपने बकाया करों का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बने।

## चुनावी सभा में मांगा समर्थन

# निगम में बकाया संपत्तिकर के लिए समाधान योजना लाएंगे : मधुसूदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव अपने प्रचार के आखिरी दौर में ताबड़तोड़ जनसंपर्क कर चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। उन्हें समाज के हर वर्ग का समर्थन हासिल होते स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है। मजदूर क्षेत्र के लोग जहां उन्हें अपना बड़ा भाई व संरक्षक मानते हैं। वहीं युवाओं की वो पहली पसंद बन रहे हैं।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री यादव ने अपने जनसंपर्क के दौरान सभाओं में शहर विकास को लेकर अपनी योजनाओं का खुलासा करते कहा कि यह शहर छत्तीसगढ़ ही नहीं देशभर में अनेक विशेषताओं के लिए पहचाना जाता है। कला, क्रीड़ा व साहित्य के क्षेत्र में शहर की विख्यात पहचान रही है।



### विकास से ही शहर का सर्वांगीण विकास

श्री यादव ने कहा कि कभी शहर को छत्तीसगढ़ का पेरिस कहा जाता था, इसे फिर उसकी गौरवशाली पहचान दिलानी होगी। भाजपा नगरीय निकाय के इन चुनाव में शहर के विकास का सम्पूर्ण संकल्प ले रही है। महिला, युवा, छात्र, मजदूर सबके विकास से ही शहर का सर्वांगीण विकास होगा। नगर निगम की आय बढ़ाने समाधान योजना लागू की जाएगी। इस योजनांतर्गत बिना जुर्माना या ब्याज लगाए पुराने बकाया संपत्तिकर को एकमुश्त निपटाया जाएगा।

### बर्तन बैंक की स्थापना

इसी प्रकार स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के लिए नगर निगम क्षेत्र में बर्तन बैंक की स्थापना की जाएगी। महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त कर रही महिला-बहनों को ढाई लाख रुपए का कर्ज तो दिया ही जाएगा। साथ ही मुफ्त प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जाएगी। सार्वजनिक तालाबों को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ा जाएगा, ताकि नागरिकों की निस्तारी के लिए तालाब स्वच्छ हो, उसका निर्मल जल बना रहे।

# दो दिवसीय राज्य स्तरीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित



**राजनांदगांव।** महाराष्ट्रीय तेली समाज का दो दिवसीय राज्य स्तरीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन व हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम में प्रथम दिवस बच्चों व महिलाओं के लिए खेलकूद, मेहंदी, रंगोली, चित्रकला, कुर्सी दौड़ व अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं आयोजन के दूसरे दिन समाज के संतश्री संताजी जगनाडे महाराज की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित समाज के अध्यक्ष राजेश समरीत, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बुटले द्वारा कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस, गणेश वंदना, धार्मिक गीत, देशभक्ति गीत, मराठी गीत, विट्ठल रुक्मणि व अन्य नयनाभिराम प्रस्तुति समाज के बच्चे व महिलाओं द्वारा दी गई।

### नारी शक्ति व विट्ठल रुक्मणि की प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज की महिला सदस्यों द्वारा नारी शक्ति व विट्ठल रुक्मणि के विषय पर मनमोहक प्रस्तुति दी। राज्य स्तरीय सम्मेलन में रायपुर, महासमुंद, दुर्ग-भिलाई समाज के पदाधिकारी, महिला मंडल, युवा मंडल कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, अतुल रायजादा, मोनू बहादुर सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी समाज के उपाध्यक्ष संतोष समरीत ने दी।

## सुनील की घर-घर दस्तक, निकाली रैली

**राजनांदगांव।** वार्ड क्रमांक 4 पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी से कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी सुनील रामटेके के प्रचार-प्रसार ने वार्ड में जोर पकड़ लिया है। वे लगातार मतदाताओं से मिलकर वार्ड में विकास कार्य कराने का वादा कर आशीर्वाद मांग रहे हैं। शनिवार को बाजे गाजे और समर्थकों के साथ उन्होंने जनसंपर्क किया।



वार्ड क्रमांक 4 से कांग्रेस के युवा पार्षद प्रत्याशी सुनील रामटेके का पूर्व में विधि-विधान के साथ वार्ड में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं उनके समर्थकों की भीड़ रही है। इधर बाजे-गाजे के साथ सुबह से लेकर देर शाम तक ग्रामीण वार्ड में श्री रामटेके लगातार लोगों से मेल-मुलाकात करने जुटे हुए हैं। शनिवार को वार्ड में बाजे गाजे और समर्थकों के साथ उन्होंने रैली निकाली। इस दौरान नया ढाबा, शंकरनगर, दुर्गा चौक, नारायणदास गली, स्व.कन्हैयालाल गली सहित अन्य क्षेत्रों में दौरा किया। सघन जनसंपर्क अभियान में उनके साथ वार्ड के लोगों की भी बेहतर उपस्थिति बन रही है। घर-घर दस्तक देकर वे मतदाताओं से आशीर्वाद मांग रहे हैं। इस चुनाव में कांग्रेसे प्रत्याशी श्री रामटेके के पक्ष में माहौल बना हुआ है।

ग्रामीण वार्ड होने की वजह से सुबह से शाम तक लगातार वे सक्रिय हैं। वार्ड में विकास कार्य कराने का वे मतदाताओं से वादा भी कर रहे हैं। जिससे उन्हें बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है।

## पेंडरी में 12 को एक दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी के सदगुरू कबीर मंदिर / आश्रम में आगामी 12 फरवरी को सद्गुरू कबीर साहेब एवं भक्ति मति रामबती माता के मूर्ति प्रतिष्ठा प्रथम वर्षगांठ पर सदगुरु कबीर सत्संग एवं सात्विक आनंदी चौका आरती व पूजन का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर परम पूज्य धर्माधिकारी सत्येंद्र शास्त्री साहेब प्राचीन कबीर मठ नादिया डोंगरगांव से अपने संत मंडली के साथ पधारेंगे। इस वर्ष भी प्रथम वर्षगांठ पर एक दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग एवं सात्विक आनंदी चौका आरती पूजन, प्रसादी वितरण किया जाएगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने आश्रम के सहप्रबंधक डेहरलाल सिन्हा एवं भागीरथी साहू और भगत परिवार जुटे हुए हैं। कौशल साहू, गोरखदास, मुरारी दास, निरंजन साहू, धर्मदास साहू, खेमचंद साहू, परमानंद साहू, गुलाब साहू, मानिक दास साहू, टीकम साहू, तेजेस्वर दास ऊर्फ मुन्ना साहू, कुंती साहू, सावित्री साहू, जंत्री साहू, भागवत साहू समेत अन्य लोग आयोजन की तैयारी में लगे हुए हैं। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के प्रबंधक योगदास साहू ने दी है।

# रॉयल में विशेष छूट की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने एक विशेष छूट की घोषणा की है। इस योजना के तहत यदि कोई बच्चा तीन साल तक स्कूल में पढ़ता है, तो उसे एक साल की फीस कुछ शर्तों के साथ माफ कर दी जाएगी।

यह विशेष छूट राजनांदगांव के छात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए दी गई है। विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक पालकगण शाला कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं। यह योजना मार्च के अंत तक जारी रहेगी।

इसके अलावा स्कूल ने नए प्रवेश के लिए विशेष छूट की घोषणा की है। खेलकूद में प्रतिभाशाली छात्रों और किसी विशेष क्षेत्र में प्रतिभा रखने वाले छात्रों को विशेष छूट दी जाएगी।

स्कूल ने एक अन्य आकर्षक योजना भी शुरू की है। जिसमें माता-पिता अगले सत्र की फीस अग्रिम में जमा करके सत्र की फीस पर बड़ी छूट प्राप्त कर सकते हैं।

इस योजना का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उनके माता-पिता को आर्थिक रूप से राहत प्रदान करना है। रॉयल किड्स कॉन्वेंट के अकैडमिक निदेशक अभिषेक खंडेलवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करना है और आज हमारा संस्थान गुणवत्ता युक्त शिक्षा में अग्रणी है। हमारे पढ़ाये बच्चे आज देश विदेश में बहुप्रतिष्ठित कंपनियों में ऊंचे पदों पर कार्यरत हैं । हमारे सीबीएसई संस्थान डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकण्डरी स्कूल का मॉडल स्कूल हेतु चयन किया जाना उत्कृष्टता का परिचायक है।

अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशकगण संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, बर्सर आईके वैष्णव, प्राचार्य एकता खंडेलवाल, सुषमा शुक्ला ने इस घोषणा पर हर्ष ज्ञापित किया है। प्रवेश हेतु पालकों में काफी संख्या में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## बरगा में आज मड़ई, कल कबड्डी स्पर्धा

**राजनांदगांव।** समीपस्थ ग्राम बरगा में कल 9 फरवरी को मंडई मेले का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोक सृजन सांस्कृतिक कार्यक्रम डौण्डीलोहारा वालों का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्रामीणों सहित आसपास के व्यवसायियों को मेले का लुत्फ उठाने की अपील की गई है। इसी के तहत 10 फरवरी को एक दिवसीय कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 6 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 4 हजार, तृतीय 2 हजार एवं चतुर्थ पुरस्कार 1 हजार रुपए रखा गया है। मंडई मेला एवं कबड्डी स्पर्धा को लेकर ग्रामीणों ने गांव में व्यापक तैयारियां की है।













नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

### पति और मृतक के बीच अवैध संबंध के संदेह में हत्या को दिया अंजाम

# थाना तरेगांव क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व हुए अंधे कत्ल का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

तरेगांव पुलिस ने दो वर्ष पूर्व हुए एक अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला विगत 22 माह पूर्व का है, 07 अप्रैल 2023 को ग्राम झुरगीदादर और ग्राम बरपानी के बीच खैरवार पहाड़ी के पगडंडी मार्ग पर एक अज्ञात व्यक्ति का सड़े-गले अवस्था में शव मिलने से जुड़ा था बाद में शव की शिनाख्त ग्राम शंभुपीपर निवासी सुंदर सिंह धुर्वे के रूप में की गई थी, जो दिनांक 03अप्रैल 2023 को अपने दामाद के घर ग्राम बरपानी के लिए निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। मामला पुराना और सनसनीखेज होने से मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने हेतु निर्देशित किया था। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में थाना तरेगांव जंगल पुलिस की टीम गठित कर जांच तेज की गई। गहन विवेचना के दौरान पीएम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हत्या का अपराध साबित होने पर धारा 302 भा.दं.सं. के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई गई। पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर ग्राम बरपानी निवासी सुक्कल सिंह परते पिता पनकु परते (उम्र 56 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। प्रारंभ में आरोपी पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसे अपनी पत्नी और मृतक के अवैध संबंधों का संदेह था, जिसके कारण उसने सुनसान स्थान देखकर टंगिया और चाकू से वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद चाकू को जंगल के नाले में फेंक दिया था, जबकि टंगिया को घर लाकर छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपी के बताए स्थान से घटना में प्रयुक्त टंगिया बरामद कर ली, जबकि चाकू की खोजबीन के दौरान नाले में बाढ़ आने और घटना को दो वर्ष बीत जाने के कारण बरामद नहीं हो सका।

**पुलिस टीम प्रकरण की विवेचना कर रही**



मामले में आरोपी सुक्कल सिंह परते को शनिवार 8 फरवरी 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। वही पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में निरीक्षक संग्राम सिंह धुर्वे, एवं थाना तरेगांव स्टाफ सहायक उपनिरीक्षक बोनीफास मिंज, प्रधान आरक्षक 398 विरेन्द्र बंजारे, आरक्षक 468 राजेंद्र मराबी एवं आरक्षक 573 टेकलाल धुर्वे की टीम द्वारा की गई। प्रकरण में पुलिस विवेचना कर रही है।

# दिल्ली चुनाव की तरह नगरीय निकाय चुनाव में भी कांग्रेस का स्कोर जीरो होगा : भावना बोहरा

- 15 फरवरी को भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनाएगी विधायक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को मिली करारी हार का असर नगरीय निकाय चुनावों में भी देखने को मिल रहा है। आज पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने नगरीय निकाय चुनाव के दौरान अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत के दिल, दिल्ली में कमल खिला है। यह दिल्ली की जनता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के प्रति जनविश्वास की जीत है। कांग्रेस पार्टी जिस प्रकार दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना खाता भी नहीं खोल पाई है उसी प्रकार नगरीय निकाय चुनाव में भी कांग्रेस का स्कोर जीरो रहेगा। क्योंकि जनता ने यहां कांग्रेस के 5 वर्ष की अस्थिर सरकार को नकारने का मन बना लिया है। कांग्रेस के समय जिस प्रकार हमारे गाँव और शहरों के विकास को रोकने का काम किया गया, केवल भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का खेल किया पंडरिया, पांडातराई और इंदौरी की जनता भी कांग्रेस को नकारने और 11 फरवरी को अपने मताधिकारी का प्रयोग कर 15 फरवरी को भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनाएगी। विदित हो कि शनिवार को विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11,12 एवं 14 में नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी मंजुला देवी कुर्रे और वार्ड प्रत्याशियों के साथ जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में प्रचार किया। इसके साथ ही पांडातराई में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी सरिता रामकुमार सोनी के रोड-शो में भी शामिल हुई।

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास न विकास करने की नियत है और न ही नेतृत्व दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को एक भी सीट न मिलना और आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेताओं और खुद मुख्यमंत्री रहे अरविन्द केजरीवाल की हार से जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल घोषणाएं नहीं उन्हें विकास चाहिए, जनता को अपना हक चाहिए और इसलिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को दिल्ली का नेतृत्व करने का अवसर दिया। यह जीत प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व एवं भाजपा सरकार की विकासवादी नीतियों से हुआ है। जबकि कांग्रेस पार्टी की अस्थिर नगर सरकार ने पांच वर्षों में एक भी विकास कार्य नहीं किये, योजनाओं और विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार करने का काम कांग्रेस ने किया है जिसके प्रति जनता में आक्रोश स्पष्ट दिखाई दे रहा है। जनता भी इस चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने और नगरीय निकाय चुनाव में शून्य के स्कोर पर बाहर का रास्ता दिखाने और भाजपा के सुशासन को स्थापित करने के लिए संकल्पबद्ध है। 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में जनता समृद्ध पंडरिया के संकल्प के साथ भाजपा प्रत्याशियों को अपना वोट देकर 15 फरवरी को ट्रिपल इंजन सरकार बनाएगी।

# चिल्फी पुलिस ने जब्त की 30 लाख की अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फी



चिल्फी पुलिस ने अवैध शराब के मामले में बड़ी कार्यवाही करते हुए मध्य प्रदेश से अवैध शराब का बड़ा जखीरा बरामद किया है। यह कार्यवाही जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर वाहनो के सधन छानबीन की गई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। इस संबंध में चिल्फी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चिल्फी वाहनो के दौरान 500 पेटी अवैध शराब जप्त की है। जिसका बाजार मूल्य 30 लाख रूपए आंका गया है। पुलिस ने इस मामले में आयसर कंटेनर की जांच में आरोपी अकील खान पिता सकुर खान उम्र 56 वर्ष निवासी पंधाना जिला खंड़वा मध्यप्रदेश और शेख रऊफ पिता शेख नासिर उम्र 55 वर्ष निवासी हातमपुरा जिला खंड़वा मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपी अवैध शराब की इस बड़ी खेप को मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ में खपाने ला रहा था। गिरफ्त में आए आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2), 36 और 59 (क) के तहत गैर जमानतीय प्रकरण दर्ज किया गया है और मामले की गहन जांच जारी है। इस कार्यवाही में स्थानीय चिल्फी थाना प्रभारी के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। उनके साथ निरीक्षक उमाशंकर राठौर, एएसआई बीरबल साहू, डोमर कवर, आर आंसू चंद्रवंशी, मोहम्मद इरफान, पंकज यादव, जित्तू चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, पप्पू पनागर और शिवनारायण साहू सहित पुलिस विभाग के सुरक्षा कर्मियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**एमपी से लाई जा रही थी शराब**

चिल्फी पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी अकील खान की कन्टेनर से जप्त की गई शराब में 500 पेटी नॉन ड्यूटी पैड थी और यह केवल मध्य प्रदेश राज्य में बिक्री के लिए निर्धारित थी। शराब की कीमत 30 लाख रुपए आंकी गई है, और साथ ही आरोपी के कन्टेनर को भी जप्त कर लिया गया, जिसकी कीमत 20 लाख रुपए बताई जा रही है।

**अवैध शराब के खिलाफ की सघन कार्रवाई**

पुलिस विभाग के अधिकारियों ने इस अभियान के तहत अवैध शराब के विक्रय, धारण और परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इस ऑपरेशन को लेकर छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के अधिकारियों ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए थे, ताकि आगामी स्थानीय निकाय चुनाव को देखते हुए जिले में अवैध शराब की तस्करी पर काबू पाया जा सके।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

ROYAL ENFIELD
ROYALENFIELD.COM
Royal Enfield Showroom Now in your City Kawardha
Scan here for details
SELECT. RIDE. CELEBRATE.
Ride home a Royal Enfield this festive season. EMI starting at ₹1,888 per lakh.*
ALL-NEW GUERRILLA 450
HIMALAYAN 450
HUNTER 350
METEOR 350
NEW CLASSIC 350
BULLET 350



Visit our Stall No.31 in
RADA'S AUTO expo 2025
Region's Largest Automotive Show
Avail 50% Lifetime RTO Discount on Road Tax by State Govt.*
It's now or never
Get benefits from ₹6000-16000
Visit your nearest Royal Enfield Store to know more about personalised offers.
*T&C apply.
HURRY UP ONLY FEW DAYS LEFT
"LARGEST ROYAL ENFIELD RETAIL CHAIN IN CHHATTISGARH"
6TH GEAR
KAWARDHA Ward No. - 24, Raipur Road, Kawardha, Kabirdham 9619268372
RAIPUR 9619482479
RAJIM 9619423867
BALODA BAZAR 9167990803
info@the6thgear.in www.the6thgear.in 6TH GEAR 6thgear_royalenfield_raipur

निर्वाचन: सहसपुर लोहारा विख के 1 जनपद, 3 सरपंच सहित 815 वार्ड पंच चुने निर्विरोध

# ग्राम पंचायत बामी में सरपंच सहित सभी 11 पंच चुने गए निर्विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत कई ग्राम पंचायतों में निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है। जिसमें कई स्थानों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में इस बार 3 ग्राम पंचायत और एक जनपद क्षेत्र में मतदाताओं ने धन-बल के बजाय आपसी सहमति और सामूहिक निर्णय से पंचायत चुनाव की प्रक्रिया पूरी की गई है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था का मजबूत उदाहरण पेश करते हुए जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा क्षेत्र में 1 जनपद सदस्य और 3 सरपंच निर्विरोध चुने गए। निर्विरोध निर्वाचन से यह स्पष्ट होता है कि कई क्षेत्रों में मतदाता सहमति और आपसी सामंजस्य के आधार पर जनप्रतिनिधियों का चयन कर रहे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार चुनाव में आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण मन-मुटाव की स्थिति निर्मित हो जाती है, इसे रोकने के लिए यह सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है।

ग्रामीणों ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा क्षेत्र के पंचायत रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघनपुरी (जं.), सिल्हाटी, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार, जनपद पंचायत क्षेत्र उड़ियाखुर्द से श्रीमती दुर्गा सिंह निर्विरोध जनपद सदस्य चुनी गई हैं। इसी तरह ग्राम पंचायत महराटोला में श्रीमती कौशिल्या गंधर्व निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुई हैं। ग्राम पंचायत बामी में जामबाई साहू को सरपंच पद के लिए निर्विरोध चुना गया, जबकि ग्राम पंचायत लाखाटोला में सुंदरलाल मरकाम निर्विरोध सरपंच चुने गए।

**बामी में लोकतांत्रिक सहमति की मिशाल पेश की**




ग्राम पंचायत बामी में इस बार एक विशेष स्थिति देखने को मिली है। जहां सरपंच के साथ-साथ ग्राम पंचायत बामी के सभी 11 वार्डो के प्रतिनिधि के तौर पर पंचों को भी निर्विरोध चुना गया हैं। यह स्थिति ग्रामीणों के आपसी सामंजस्य और लोकतांत्रिक सहमति की मिशाल पेश करती है। निर्विरोध निर्वाचन की यह प्रवृत्ति क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक समरसता को दर्शाती है, जहां मतदाता मतदान प्रक्रिया से पहले ही सहमति के आधार पर अपने जनप्रतिनिधियों का चयन कर रहे हैं। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में कुल 1273 वार्डों में से 815 वार्डों में पंच प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

# कुकदूर पुलिस ने बोलेरो वाहन से 40 पेटी अवैध शराब जब्त की

### शराब की अनुमानित कीमत 2 लाख, वाहन की कीमत 4 लाख कुल 6 लाख जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकदूर

कुकदूर पुलिस टीम ने शनिवार की सुबह 2 लाख रूपए कीमती 40 पेटी अवैध शराब से भरे बुलेरो गाड़ी को पकड़ा है, जिसकी कीमत 4 लाख आंकी जा रही है। कुकदूर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के शहडोल से शराब छत्तीसगढ़ में चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदाताओं को अवैध रूप से शराब वितरण किए जाने लाई जा रही थी, जिसकी सूचना पर कबीरधाम पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बड़ी कार्यवाही की है।

मध्यप्रदेश के शहडोल से छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से लाई जा रही 40 पेटी मध्यप्रदेश आबकारी निर्मित देसी प्लेन शराब को थाना कुकदूर ने जब्त किया है। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लागू है। जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल साथ ही अनुविभागीय अधिकारी भूपत सिंह के मार्गदर्शन में कबीरधाम पुलिस द्वारा सघन निगरानी एवं गश्त की जा रही थी।

इसी दौरान 07-08 फरवरी की मध्य रात्रि में सूचना प्राप्त हुई कि एक बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 10 पी 6651 के माध्यम से मध्यप्रदेश में निर्मित अवैध देसी शराब को तिनगड्डा-तेलियापानी लेदरा घाट के रास्ते छत्तीसगढ़ में लाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए कुकदूर थाना प्रभारी निरीक्षक जेएल शांडिल्य के नेतृत्व में टीम ने ग्राम तेलियापानी लेदरा-चिंयाडाड रोड पर नाकाबंदी की। कुछ समय पश्चात तेज रफ्तार से आती हुई संदिग्ध बोलेरो वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन को भगाने की कोशिश करने लगा।

टीम द्वारा सूझ-बूझ और घेराबंदी कर वाहन को रोककर चालक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम पियूष कुमार पिता चंदूलाल महोबे आयु 22 वर्ष निवासी करौंदाटोला खाती थाना अमरकंटक, जिला अनुपपुर (म.प्र.) बताया। उसने स्वीकार किया कि सोनू निवासी गोपालपुर थाना बजाग, म.प्र. ने उसे यह 40 पेटी शराब दी थी। परिवहन के लिए 15,000 में सौदा तय हुआ था। वहीं वाहन की तलाशी लेने पर उसमें मध्यप्रदेश आबकारी निर्मित 40 पेटी देसी प्लेन शराब पाई गई, जिसके संबंध में चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। वहीं विधिसंगत कार्यवाही करते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

**कुकदूर पुलिस टीम की बड़ी कार्रवाई**

कुकदूर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 40 पेटी शराब (अनुमानित कीमत 2 लाख) व बोलेरो वाहन अनुमानित कीमत 4 लाख कुल जब्ती 6 लाख की गई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक जेएल शांडिल्य, कुमार मंगलम एवं दूजराम सिद्राम की सराहनीय भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

### शैलेन्द्र टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व शैलेन्द्र यदु को मिलने पर एसोसिएशन के जिला इकाई ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने प्रांतीय कार्यकारिणी को यथावत रखते हुए विस्तार कर उपाध्यक्ष का यह दायित्व दिया है। इसके साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों से संघीय नियमों का पालन करते हुए शिक्षक हित में पूर्ण निष्ठा के साथ आपसी समन्वय बनाकर पदीय दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि उनके कुशल नेतृत्व में शिक्षकों के समस्याओं का त्वरित निराकरण होने के साथ ही संगठन मजबूत होगा।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर एलआईसी रवि सोनी होंगें सम्मानित



**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय जीवन बीमा निगम में लगातार 18 वर्षों से उत्कृष्ठ कार्य करने और बीमा धारकों की सेवा करने वाले एवं अभिकर्ताओ की नियुक्ति करने वाले कवर्धा के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार रवि सोनी ने एलआईसी द्वारा सीएलआईए हेतु आयोजित मिशन एक्सीलेंस प्रतियोगिता में टॉप लेवल में क्वालीफाई किया है पुरुस्कार स्वरुप श्री सोनी को 09 से 14 फरवरी तक निगम द्वारा यूरोप देश स्विट्जरलैंड का भ्रमण करने का अवसर मिला है, जहां उनका सम्मान होगा। इस उपलब्धि पर एलआईसी के अधिकारियों, पॉलिसीधारकों, अभिकर्ताओ, इष्ट मित्रों ने बधाई और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रवि सोनी ने अभी तक 200 से ज्यादा बेरोजगार लोगो को अभिकर्ता के रूप में नियुक्ति कराकर आज उन्हें अच्छा कैरियर प्रदान किया है।

## स.लोहारा महाविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय कुष्ठ,टीवी उन्मूलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा




सहसपुर लोहारा के शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय में गुरूवार को राष्ट्रीय कुष्ठ, टीवी उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग जिला अस्पताल कबीरधाम से 100 दिवसीय जांच-खोज कार्यक्रम के अंतर्गत डीपीएम डॉ श्रीमती अनुपमा तिवारी एवं नन मेडिकल असिसटेंट मानिकपुरी, सहसपुर लोहारा साथ ही प्रशांत स्टीफन सहसपुर लोहारा ब्लॉक सुपरवाइजर उपस्थित थें। उन्होंने कुष्ठ रोग, टीवी एवं तम्बाकू से होने वाले कैंसर एवं अन्य बीमारियों के संबंध में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया एवं इनसे बचाव के उपाय के बारे में अपना विचार साझा किया साथ ही छात्र-छात्राओं से तम्बाकू, टीवी, कुष्ठ रोग संबंधी प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उनमें जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की सुश्री अंजू महोबिया, एनसीसी प्रभारी सहायक प्राध्यापक श्रीमती मोना बर्मन, सहायक प्राध्यापक संदीप सोनकर, रुपेश कुमार वर्मा, शत्रुहन राजपूत, गिरधारी वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा, दीपक पटेल, गौरव जायसवाल, सुश्री काजल साहू, गिरीश साहू, विवेक चौहान एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# नपा चुनाव में उप मुख्यमंत्री ने आधा दर्जन से अधिक सभा कर भाजपा के पक्ष में किया प्रचार प्रसार व जनसंपर्क

- जनता ने कवर्धा के विकास के लिए हमे चुना है, नपाध्यक्ष भाजपा का होगा विकास कार्यो के लिए पैसा कोई बाधा नही होगा : श्री शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर पालिका चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार का दौर अब अंतिम चरण की ओर है, इसी कड़ी में सत्ता दल भाजपा ने पूरी ताकत के साथ मैदान में है। जिसमें उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा के अलग-अलग आधा दर्जन से अधिक वार्डो में सभा व रैली कर चुनावी माहौल को भाजपा मय कर दिया है। उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक विजय शर्मा ने वार्ड के कैलाश नगर, समनापुर मार्ग, राम मंदिर, सकरहा घाट, देवांगन पारा व पाली पारा में सभा कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनादेश के लिए अपील की और भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार किया।

उन्होने सभाओं में उपस्थित जन सामूदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आपने बड़े सूझबूझ के साथ अपना देश का भविष्य मोदी को और राज्य में विष्णु देव साय को सौपा है। विगत सरकार के 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ में कवर्धा में जो भय का माहौल था वो आपके आशीर्वाद से खत्म हुआ। अब नगर पालिका में भाजपा का अध्यक्ष बनाना है। राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव में किए अपने सारे वादे पूरे करने में कोई कसर नही छोड़ा है। उन्होंने कहा इस विकास की गति को स्थायी व अविरल बनाने के लिए नगर पालिका में भाजपा के अध्यक्ष भाजपा नित पालिका सरकार होना जरूरी है। इसलिए राज्य सरकार के साथ ताल मेल बनना नगर पालिका का जरूरी है ।

**कवर्धा को लेकर विजय रखने वाला मेहनती प्रत्याशी**

उन्होंने कहा भाजपा ने चंद्रप्रकाश को अध्यक्ष प्रत्याशी बनाया है हमारा अध्यक्ष प्रत्याशी सेवा करने वाला काम करने वाला और कवर्धा को लेकर विजन रखने वाला ईमानदारी मेहनती है। उन्होने कहा कि चंद्रप्रकाश पालिका में शपथ लेने के बाद दूसरे दिन से ही वार्डो ने नाली की साफ-सफाई कराते आपकी चिन्ता करते हुए दिखाई देंगे। नगर पालिका में मजबूत सरकार हो इसके लिए सभी वार्डो में भाजपा के पार्षद व अध्यक्ष प्रत्याशी भारी मतों से विजयी हो इन्हें आप सबका आशीर्वाद और समर्थन मिले। उन्होंने कहा जिनको पट्टे की दिक्कत है उन्हें आवासीय पट्टा व जिन गरीबो के आवास नही है उनके आवास की चिंता विष्णुदेव सरकार कर रही है। बस आप नाली, पानी, बिजली, राशन जैसे मूलभूत चीजों की चिंता सही से हो इसके लिए नगर पालिका में भाजपा के प्रत्याशियो को जीताकर पालिका भेजिए। इस दौरान भाजपा निकाय चुनाव प्रभारी लोकेश कावड़िया, श्रीमती रेखा पाण्डेय, नितेश अग्रवाल, राजेन्द्र सलूजा, सतविंदर पाहुजा, मंजीत बैरागी, मनोज गुप्ता, बिहारी धुर्वे, पवन जायसवाल, नीलिमा गुप्ता, दीपक सिन्हा, भरत साहू, राजा टाटिया, श्रीकान्त उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी, नगरवासी एवं भाजपा के कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## विधि-विधान से वेदी पूजन कराया जनेऊ संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



श्रीराम चरित मानस महायज्ञ भाटापारा में पूरे छत्तीसगढ़ से आए 26 ब्राम्हण बटूको को जनेऊ संस्कार आचार्य द्वारा पंडित द्वारा विधि-विधान से वेद-पुराण के माध्यम से ब्राम्हणों का जनेऊ संस्कार संपन्न किया गया। जिसमें पूरा एक विवाह की तरह जनेऊ संस्कार होता है एवं तेल, हल्दी, चिकट और बारात भी निकाला जाता है और ब्राह्मणों के द्वारा जनेऊ संस्कार के समय भिक्षा मांगने का उपदेश दिया जाता है। वहीं विधि-विधान से पंडितों द्वारा वेद पुराण के माध्यम से जनेऊ संस्कार ब्राह्मणों का किया गया। आचार्य द्वारा बताया गया की ब्राह्मणों के जनेऊ ही अस्त्र-शस्त्र है जनेऊ एक साधारण जनेऊ नहीं है, जनेऊ में ब्रह्मा, विष्णु व महेश का निवास रहता है, ब्राह्मणों का जनेऊ संस्कार ही सत्य की ओर आगे बढ़ता है, जनेऊ में वह ताकत है ब्राह्मण के पास जिन्हें ब्राह्मण ही जान सकता है बस जनेऊ का पालन सही उद्देश्य होना चाहिए। इस जनेऊ संस्कार में श्रीमती नंदनी अंबिका मिश्रा, श्रीमती मंदाकिनी संतोष दुबे, श्रीमती कल्पना प्रवीण दुबे, दिनेश पांडेय, हर्ष मिश्रा, प्राची मिश्रा, वेदांत दुबे, वैभव दुबे, कुहू दुबे उपस्थित थे।

### जिले में अंडर-16 इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतिस्पर्धा आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में जिला क्रिकेट संघ के द्वारा आयोजित अंडर-16 इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतिस्पर्धा के सेमीफाइनल मैच में दो रोमांचक मुकाबले हुए। जिसमें पहले सेमीफाइनल में गुरुकुल पब्लिक स्कूल और अशोका स्कूल के बीच खेला गया। वहीं अशोका पब्लिक स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुकुल पब्लिक स्कूल को 70 रनों से हराया और फाइनल में अपनी जगह बनाई। वहीं अशोका स्कूल की ओर से भावेश ने 11 चौका और 08 छक्कों की मदद से कुल 68 गेंदों की मदद से कुल 113 रन बनाए साथ ही साथ साहिल और सुनील ने क्रमशः 35 और 25 के सहयोग से अशोका स्कूल की तीन ने कुल 181 रन बनाए। तत्पश्चात जवाब में गुरुकुल स्कूल की टीम 111 रन ही बना पाई इस प्रकार अशोका स्कूल की टीम ने 70 रनों से मैच जीत लिया। इस मैच के मेन ऑफ दी मैच भावेश रहे। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में केवीसीओसी और पंडरिया के बीच खेला गया। जिसमें केवीसीओसी ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए पंडरिया को 10 विकेटों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पंडरिया की टीम पहले बैटिंग करते हुए मात्र 34 रन ही बना पाई, लक्ष्य का पीछा करते हुए केवीसीओसी की टीम ने बिना कोई विकेट खोए 04 ओवरों में ही 38 रन बनाकर 10 विकेटों से शानदार मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। केवीसीओसी की ओर से श्रवण कुमार ने 4 ओवरों में 21 रन देकर कुल 6 विकेट लिए और मेन ऑफ दी मैच रहे। वहीं फाइनल मुकाबला अशोका स्कूल और केवीसीओसी के बीच रविवार को सुबह 10 बजे से स्वामी करपात्री जी आऊटडोर स्टेडियम में खेला जाएगा, जो कि टूर्नमिंट का निर्णायक मैच होगा।

## पीजी कॉलेज कवर्धा का रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न




**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा के राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला एवं पुरुष इकाई के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत छिरहा विकासखण्ड कवर्धा में 27 जनवरी से किया गया था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर एवं शुभकामनाएं देकर शिविर को रवाना किया गया था। साथ ही शिविर प्रारंभ होने के पश्चात उन्होंने शिविर स्थल पर आकर व्यवस्था, शिविर संचालन की जानकारी वॉलंटियर्स को अपना आर्शीवचन प्रदान किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे एवं डॉ राकेश चंदेल के नेतृत्व में महिला एवं पुरुष इकाई के वॉलंटियर शिविर में अपनी सेवाएं दी। शिविर का मुख्य उद्देश्य सेवा के माध्यम से जागरूकता संदेश देना है। जिसमें सात दिवस तक प्रभात फेरी से लेकर बौद्धिक परिचर्चा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य व्यक्तित्व विकास की जानकारी दी गई। जाती है। प्रथम दिवस पर ग्राम के गणमान्य नागरिकों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया तथा उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा कर अच्छे नागरिक बनने का संदेश दिया। द्वितीय दिवस पर श्री जितेंद्र सिंग राजपूत शिक्षक एवं रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी ग्राम रवेली ने अपने उद्बोधन के माध्यम से व्यक्तित्व विकास की जानकारी दी। तृतीय दिवस पर रमेश कुमार चंद्रवंशी प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल छिरहा ने अपने वक्तव्य के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति, व्यक्तित्व विकास, आत्म विश्वास, सफलता के मूलमंत्र की जानकारी तथा कहा कि सफल व्यक्ति कोई अलग कार्य नहीं करते वे हर कार्य को अलग तरीके से करते है। पीजी कॉलेज कवर्धा के हिंदी के सहायक प्राध्यापक नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने आत्म योग्यता को पहचानने आगे बढ़ने का संदेश दिया तथा मतदाता जागरूकता पर शपथ दिलाई। महाविद्यालय के प्राध्यापक भानुप्रताप सिंह, कृष्ण कुमार बंजारे भी उपस्थित रहे। चौथे दिवस के बौद्धिक परिचर्चा में बृजभूषण वर्मा सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय पिपरिया, पांचवे दिवस पर उमेश पाठक सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय बोड़ला, मुकेश कुमार कामले, सहायक प्राध्यापक पीजी कॉलेज कवर्धा दौलतराम कश्यप अध्यक्ष आस्था एनजीओ कवर्धा द्वारा जानकारी प्रदान की गई। छठवें दिवस पर अतिथिगण डॉ कामती सिंह परिहार प्राचार्य एवं जिला संगठक रासेयो सहसपुर लोहारा महाविद्यालय से उपस्थित रही उन्होंने रासेयो कैंप को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम अधिकारियों ने बताया कि प्रतिदिन विभिन्न अतिथि बौद्धिक परिचर्चा हेतु आए। सातवें दिवस पर शिविर की दिनचर्या के साथ ही ग्रामवासियों की उपस्थिति में शिविर का समापन किया गया।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए ईवीएम मशीन की कमीशनिंग के बाद स्ट्रांग रूम में किया गया सील

# कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए ईवीएम मशीनों की कन्या कॉलेज में कमीशनिंग के बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों को पीजी कॉलेज कवर्धा स्थित स्ट्रांग रूम में सील किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सभी कार्यों को समयबद्ध और सही तरीके से सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में हर एक कदम को पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाएगा, ताकि जनता को कोई भी शिकायत न हो। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी और कवर्धा एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, उप-जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, सीएमओ रोहित साहू सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ होंगे।

उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीनों की सुरक्षा और चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्ट्रांग रूम और ईवीएम मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और किसी भी स्थिति में चुनावी प्रक्रिया में कोई भी रुकावट न आने पाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर हर एक पहलू पर ध्यान दिया जाए।